माघ माह , कृष्ण पक्ष 21 वर्ष, अंक 14 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 06 फरवरी 2022

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट


## पीएम ने किया संत का सम्मान

**सनातन परंपरा के संत का पहला भव्य मंदिर, स्टैच्यू ऑफ इक्वैलिटी का हुआ अनावरण, स्टैच्यू ऑफ इक्वैलिटी अष्टधातु से बनी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी प्रतिमा**

# 'मानवीय प्रेरणाओं को मूर्त रूप दे रहा भारत'

**हैदराबाद:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को बसंत पंचमी के मौके पर हैदराबाद पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री वैष्णव संत रामानुजाचार्य स्वामी की प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ इक्वैलिटी' देश को समर्पित किया। इस प्रतिमा को करीब 1000 करोड़ रुपए की लागत से बने रामानुजाचार्य मंदिर में स्थापित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी शमशाबाद स्थित 'यज्ञशाला' पहुंचकर यहां चल रहे धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए। पुजारियों ने उनका तिलक आदि कर उन्हें रुद्राभिषेक में शामिल किया। इसके बाद 11वीं सदी के संत और समाज सुधारक रामानुजाचार्य की 216 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। स्टैच्यू ऑफ इक्वैलिटी अष्टधातु से बनी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी प्रतिमा है। इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है। स्टैच्यू ऑफ इक्वैलिटी को समर्पित करने से पहले पीएम मोदी हैदराबाद के पाटनचेरु में इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टिट्यूट फॉर द सेमी-अरिड टॉपिक्स की गोल्डन जुबली सेरेमनी में भी शामिल हुए। यहां उन्होंने डिजिटल एग्रीकल्चर को भारत का फ्यूचर बताया। पीएम मोदी ने कहा कि बदलते हुए भारत का एक महत्वपूर्ण पक्ष है- डिजिटल एग्रीकल्चर। ये हमारा फ्यूचर है और इसमें भारत के टेलेंटेड युवा, बहुत बेहतरीन काम कर सकते हैं। डिजिटल टेक्नॉलॉजी से कैसे हम किसान को मजबूत कर सकते हैं, इसके लिए





भारत में प्रयास निरंतर बढ़ रहे हैं। क्रॉप असेसमेंट, ड्रोन से कीटनाशक छिड़काव जैसे एरिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग बढ़ाया जा रहा है। भारत ने अपने केंद्रीय बजट 2022-23 में भी हर सेक्टर में ग्रीन फ्यूचर को बढ़ावा देने के अपने कमिटमेंट को दिखाया है। हम दोहरी रणनीति पर काम कर रहे हैं। आज भारत में हम और एग्रीकल्चर वैल्यू चेन के निर्माण पर भी बहुत फोकस कर रहे हैं। देश के छोटे किसानों को हजारों में संगठित करके हम उन्हें एक जागरूक और बड़ी मार्केट फोर्स बनाना चाहते हैं।

### कौन थे संत रामानुजाचार्य



**वैष्णव** संत रामानुजाचार्य का जन्म सन 1017 में हुआ था। वे विशिष्टाद्वैत वेदांत के प्रवर्तक थे। उनका जन्म तमिलनाडु में ही हुआ था और कांची में उन्होंने अलवार यमुनाचार्य जी से दीक्षा ली थी। श्रीरंगम के यतिराज नाम के संन्यासी से उन्होंने संन्यास की दीक्षा ली। पूरे भारत में घूमकर उन्होंने वेदांत और वैष्णव धर्म का प्रचार किया। उन्होंने कई संस्कृत ग्रंथों की भी रचना की। उसमें से श्रीभाष्यम और वेदांत संग्रह उनके सबसे प्रसिद्ध ग्रंथ रहे। 120 वर्ष की आयु में 1137 में उन्होंने देहत्याग किया। रामानुजाचार्य पहले संत थे, जिन्होंने भक्ति, ध्यान और वेदांत को जाति बंधनों से दूर रखने की बात की। धर्म, मोक्ष और जीवन में समानता की पहली बात करने वाले रामानुजाचार्य ही थे।

### मंदिर की खूबियां

- संत रामानुजाचार्य स्वामी के जन्म को 1001 साल पूरे
- स्टैच्यू ऑफ इक्वालिटी और रामानुजाचार्य मंदिर 45 एकड़ जमीन पर बना
  मंदिर का मूल भवन करीब 1.5 लाख स्क्वेयर फीट के क्षेत्र में फैला है, जो 58 फीट ऊंचा है। इसी पर स्टैच्यू ऑफ इक्वैलिटी रखी गई
- स्टैच्यू ऑफ इक्वालिटी और रामानुजाचार्य मंदिर 45 एकड़ जमीन पर बना
  मंदिर में रामानुजाचार्य की दो मूर्तियां हैं
- पहली मूर्ति अष्टधातु की 216 फीट ऊंची है, जो स्थापित की जा चुकी है
- दूसरी प्रतिमा मंदिर के गर्भगृह में रखी गई है, जो 120 किलो सोने से बनी
- मंदिर का निर्माण 2014 में शुरू हुआ था। रामानुजाचार्य की बड़ी प्रतिमा चीन में बनी है। जिसकी लागत करीब 400 करोड़ रुपए



## छोटे किसानों को जलवायु परिवर्तन से ज्यादा खतरा: मोदी

**हैदराबाद/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय बजट 2022-23 में क्लाइमेट एक्शन को अधिक महत्व दिया गया है और यह हरित भविष्य के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि बजट प्राकृतिक खेती और डिजिटल कृषि पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री हैदराबाद के पाटनचेरु में अंतरराष्ट्रीय अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय फसल अनुसंधान संस्थान (आईसीआरआईएसएटी) की 50वीं वर्षगांठ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आईसीआरआईएसएटी की सराहना करते हुए कहा कि आंध्रप्रदेश और



तेलंगाना में दालों के उत्पादन को बढ़ाने में संस्था का बहुत बड़ा योगदान रहा है। आपके शोध और तकनीक ने मुश्किल परिस्थितियों में खेती को आसान और लाभप्रद बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम लगातार इस बात पर काम कर रहे हैं कि डिजिटल तकनीक का उपयोग करके किसानों को कैसे सशक्त बनाया जाए। चाहे वह फसल मूल्यांकन हो, भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण हो, पोषक तत्वों का छिड़काव हो और ड्रोन के माध्यम से कीटनाशकों का प्रयोग हो।

ऐसे क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा, बदलते हुए भारत का एक महत्वपूर्ण पक्ष है- डिजिटल एग्रीकल्चर। ये हमारा फ्यूचर है और इसमें भारत के टेलेंटेड युवा, बहुत बेहतरीन काम कर सकते हैं। डिजिटल टेक्नॉलॉजी से कैसे हम किसान को सशक्त कर सकते हैं, इसके लिए भारत में प्रयास निरंतर बढ़ रहे हैं।

## 1993 धमाकों का मोस्ट वांटेड अरेस्ट

**नई दिल्ली**

**भारतीय** जांच एजेंसी ने 1993 मुंबई ब्लास्ट के मोस्ट वांटेड आतंकी अबु बक्र को यूएई से गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। यह गिरफ्तारी वअए की एजेंसियों के सहयोग से की गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जल्द ही अबु बक्र को भारत लाया जाएगा। अबु बक्र को अंडरवर्ल्ड डान दाऊद इब्राहिम का करीबी माना जाता है। उसकी गिरफ्तारी के लिए काफी दिनों से ऑपरेशन चलाया जा रहा था। पिछले काफी दिनों से उसके पाकिस्तान और यूएई में छिपे होने की जानकारी मिल रही थी। बता दें कि 1993 में मुंबई के 12



अलग-अलग जगहों पर धमाके हुए थे, जिनमें 257 लोग मारे गए थे और करीब 713 लोग घायल हुए थे।

सीरियल ब्लास्ट में करीब 27 करोड़ रुपए की संपत्ति को नुकसान पहुंचा था।

**2019 में भी हुई थी अबु बक्र की गिरफ्तारी:** 2019 में भी भारतीय एजेंसियों ने यूएई से ही मुंबई ब्लास्ट के गुनहगार अबु बक्र को गिरफ्तार किया था।

## लश्कर-ए-तैयबा व टीआरएफ के 2 आतंकी ढेर

**श्रीनगर**

**श्रीनगर** शहर के जकुरा इलाके में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों व आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। यह जानकारी कश्मीर जोन पुलिस की ओर से दी गई। कश्मीर के आइजीपी ने बताया कि आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और टीआरएफ के दो आतंकवादियों को श्रीनगर पुलिस ने मार गिराया है। मारे गए आतंकवादियों में से एक इखलाक हाजम है। इनके पास से 02 पिस्तौल सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई हैं।

## यूपी में सात से खोले जाएंगे स्कूल

**लखनऊ**

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण की तीसरी लहर के कम होते प्रभाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश में भी स्कूल खोले जाएंगे। प्रदेश में सात फरवरी से कोरोना गाइडलाइंस के तहत सभी स्कूलों में कक्षा नौ से 12 तक के छात्र-छात्राओं के शिक्षण का कार्य प्रारंभ होगा। प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण की तीसरी लहर के प्रभावी होने के कारण चार जनवरी से स्कूलों में शिक्षण कार्य बंद कर दिया गया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण के कम होते प्रभाव को देखते हुए सात फरवरी से स्कूल खोलने का फैसला किया है। अब स्कूल में कक्षा नौ से 12 तक के छात्र-छात्राओं को बुलाकर शिक्षण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। स्कूलों को शीतकालीन अवकाश के बाद कोविड-19 के बढ़ते प्रसार के कारण बंद कर दिया गया था। अब स्कूल केन्द्र सरकार की कोरोना गाइडलाइन के तहत खोले जाएंगे। जिसमें स्कूल परिसर को साफ रखना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन और मास्क पहनना फेस कवर करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही स्टाफ व शिक्षकों को वैक्सीनेशन की दोनों डोज की भी अनिवार्यता भी रखी गई है। प्रदेश के प्रदेश के अपर प्रमुख सचिव अवनीश अवस्थी के मुताबिक प्रदेश में सात तारीख से स्कूल खोले जाएंगे। जिसमें कोविड-19 का पूरी तरीके से पालन किया जाएगा।

## पंजाब में दो सीएम प्रोजेक्ट करेगी कांग्रेस

**चन्नी और सिद्धू ढाई-ढाई साल के लिए सीएम फेस होंगे**

**चंडीगढ़**

**पंजाब** कांग्रेस में सीएम के चेहरे के लिए जारी घमासान के बीच पार्टी सेफ गेम खेल सकती है। इसमें चरणजीत चन्नी और पंजाब कांग्रेस के चीफ नवजोत सिंह सिद्धू को ढाई-ढाई साल के लिए सीएम का चेहरा बनाया जा सकता है। हालांकि, सरकार बनने के बाद पहले सीएम कौन बनेगा, इसका फैसला चुनकर आए पार्टी एमएलए करेंगे। दरअसल, पंजाब चुनाव में वोट बैंक का गणित ऐसा है कि कांग्रेस किसी एक का नाम लेकर रिस्क नहीं ले सकती। पंजाब में कांग्रेस कल (रविवार) को सीएम



के चेहरे की घोषणा करेगी। इसके लिए राहुल गांधी लुधियाना आएंगे। वे लुधियाना से वर्चुअल रैली के जरिए दोपहर 2 बजे उट फेस का ऐलान करेंगे। राहुल की वर्चुअल रैली को पंजाब की 117 विधानसभा सीटों पर लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा।

**पहले चरणजीत चन्नी के लिहाज से समझिए...:** चरणजीत चन्नी को सीएम चेहरा नहीं बनाने पर कांग्रेस को सीधे 32% दलित वोट बैंक का नुकसान होगा। अगर कांग्रेस ने चन्नी का साथ छोड़ा तो दलितों के बीच गलत संदेश जाएगा। इससे लगेगा कि कांग्रेस ने चन्नी को सिर्फ वोट बटोरने के लिए ही कामचलाऊ सीएम बना रखा था। कांग्रेस अभी चन्नी के 111 दिन के कामकाज पर ही वोट मांग रही है। इससे पहले साढ़े 4 साल की सरकार वाले कैप्टन अमरिंदर सिंह भाजपा के साथ गठजोड़ कर चुके हैं।

## ओमिक्रॉन के नए वैरिएंट को पकड़ना बेहद मुश्किल

**नई दिल्ली**

ओमिक्रॉन का सब वैरिएंट बीए.2 तेजी से दुनिया में फैल रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, केवल 10 हफ्तों में इसे 57 देशों में डिटेक्ट किया जा चुका है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ये ओमिक्रॉन के ओरिजिनल स्ट्रेन बीए.1 से 33% ज्यादा संक्रामक है। सबसे बड़ा खतरा यह है कि मौजूदा कोरोना टेस्ट भी इसे आसानी से नहीं पकड़ पा रहे हैं। इसके लक्षण होने के बाद भी लोगों की कोरोना टेस्ट रिपोर्ट निगेटिव आ रही है। एक्सपट्र्स की मानें तो बीए. 2 सब वैरिएंट, जिसे स्टेल्थ ओमिक्रॉन नाम दिया गया है, बाकी वैरिएंट्स से कुछ अलग है। इसमें एक ऐसे जरूरी म्यूटेशन की कमी है, जो शरीर में कोरोना वायरस की मौजूदगी का पता लगाने के लिए जरूरी होता है। यूके हेल्थ सर्विस एजेंसी के मुताबिक, बीए.2 स्ट्रेन को आरटी-पीसीआर टेस्ट से पकड़ना भी मुश्किल हो रहा है। यह टेस्ट कोरोना के लिए गोल्ड स्टैंडर्ड टेस्ट यानी सबसे अच्छा टेस्ट माना जाता है।

## हम 4 लाख लोगों को रोजगार देंगे: राहुल गांधी

**घरेलू सिलेंडर की कीमत पांच सौ रुपये से ज्यादा नहीं होगी**

**हरिद्वार**

**कांग्रेस के** पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी आज शनिवार को पार्टी के चुनाव प्रचार को धार देने के लिए धर्मनगरी हरिद्वार पहुंच गए हैं। वह यहां वर्चुअल रैली करने के बाद गंगा आरती में शामिल होंगे। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रत्याशियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। भगत सिंह चौक पर वर्चुअल रैली के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि हम आपसे चार वादे कर रहे हैं। चार लाख लोगों को रोजगार देंगे। घरेलू सिलेंडर की कीमत पांच सौ रुपये से ज्यादा नहीं होगी। अगर उत्तराखंड में हमारी सरकार आई तो हम राज्य में न्याय योजना लागू करेंगे, जिसके



तहत पांच लाख परिवारों को चालीस हजार रुपये हर साल दिए जाएंगे। चिकित्सा सुविधाएं दरवाजे तक पहुंचाने का चौथा वादा राहुल गांधी ने किया। कहा कि हमने राजस्थान, छत्तीसगढ़ और पंजाब के किसानों की कर्जमाफी का वादा किया था और हमने वह किया।

**अंतिम चरम पर चुनाव का प्रचार:** विधानसभा चुनाव का प्रचार अपने अंतिम चरम पर पहुंच रहा है। हालांकि, कोविड गाइड लाइन के चलते प्रतिबंधों के साथ चुनाव प्रचार किया जा रहा है, लेकिन अब कांग्रेस की तरफ से चुनाव प्रचार करने के लिए शनिवार शाम कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी हरिद्वार पहुंच गए हैं।

राहुल गांधी भगत सिंह चौक स्थित जवाहर लाल नेहरू नेशनल यूथ सेंटर में वर्चुअल रैली की। इसके बाद गंगा आरती में शामिल होने के लिए हरकी पैड़ी पर जाएंगे।

## कानून का शासन होगा तो विकास योगासन करेगा : राजनाथ



**मथुरा**

चुनाव प्रचार के लिए शनिवार को मथुरा पहुंचे रक्षामंत्री एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह सपा, कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि सपा तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है और भाजपा समाज को बनाने का काम करती है। कानून का शासन होगा तो विकास योगासन करेगा। राजनाथ सिंह ने बलदेव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार पूरन प्रकाश के समर्थन में नगला चंद्रभान स्थित दीनदयाल धाम में आयोजित जनसभा में कांग्रेस पर भी हमला बोला।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता हमारी सेना के शौर्य और पराक्रम पर सवालिया निशान लगाते हैं। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। गलवान घाटी में भारत और चीन के जवानों के बीच हुई झड़प पर कांग्रेस के बयान पर घेरते हुए कहा कि वह (कांग्रेस) भारत के पराक्रम पर सवालिया निशान लगा रही है। जबकि वहां 38 से 50 जवान चीन के मारे गए।

## खबर संक्षेप

### तरांव में डंपर चालक से दिन दहाड़े छिनैती से मचा हड़कंप

**रत्योरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोरांव कोहड़ार मार्ग पर तरांव गांव के पास एक डंपर चालक से दिनदहाड़े छिनैती से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। भुक्तभोगी डंपर चालक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक रिंकू विश्वकर्मा पुत्र मोती विश्वकर्मा निवासी लेहरा जिला नदौली डंपर चालक है। जो शनिवार को कोहड़ार घाट से डंपर पर गिट्टी लादकर कोरांव की ओर आ रहा था कि जैसे ही दोपहर बाद 3 बजे के आसपास कोरांव कोहड़ार मार्ग के तरांव गांव के पास पहुंचा था कि बाइक सवार चार-पांच युवकों के द्वारा डंपर को रुकवाया जाने लगा, किंतु डंपर चालक डंपर लेकर भागने लगा। हालांकि डंपर रोक रहे युवकों ने बाइक से पीछा कर तराव गल्ला मंडी के पास डंपर को रोक लिया। डंपर चालक रिंकू विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि जब तक आस पास के लोग पहुंचे तब तक मेरे जेब में रखे तीन हजार रुपये छीन कर मारपीट करते हुए युवक फरार हो गए। डंपर चालक की तहरीर पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# ए डी पी आर ओ ने अल्हवा ग्राम पंचायत का लिया जायजा

## ग्राम्य विकास और ग्राम पंचायत के क्रिया कलाप सराहनीय :आशुतोष कुमार

अखंड भारत संदेश



ग्राम सचिवालय भवन अल्हवा पर भ्रमण के दौरान ए डी पी आर ओ प्रयागराज



बैकुंठ धाम अल्हवा के निमार्णाधीन कार्य का जायजा लेते एडीपीआरओ

**कोरांव।** अतिरिक्त जिला पंचायतराज अधिकारी आशुतोष कुमार ने ग्राम पंचायत अल्हवा,बड़ोखर आदि ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर जायजा लिया। एडीपीआरओ श्री कुमार ने अल्हवा ग्राम पंचायत में स्थिति निमार्णाधीन बैकुंठ धाम तथा निर्मित ग्राम सचिवालय भवन का निरीक्षण किया। तथा ग्राम पंचायत प्रधान शहजादे और सचिव अभिसेख कुमार से वार्ता की। साथ ही पंचायत ऑपरेटर आदि कर्मियों से भी बात की। उचित सुझाव तथा तकनीकी जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें ग्राम पंचायतों के हितार्थ योजनाएं स्वयं तैयार करें और विकास करें। साथ ही सरकार सासन की मंशानुसार क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि अल्हवा ग्राम प्रधान के कार्य और सोंच से सहमति जताई कि उक्त गांव का समग्र विकास होगा। और श्रमिकों को रोजगार के नए सृजन होंगें। प्रधान अल्हवा ने ग्राम में हो रहे कार्यों को देखा तथा प्रशंसा की,साथ ही अस्वशान दिया कि प्रधान और सचिव को पुरुष्कृत हेतु प्रस्ताव भेजा जाएगा। ग्राम प्रधान ने ग्राम पंचायत में विकास हेतु लोगों को रोजगार देने और उसके सृजन हेतु तीन दिवसीय भोपाल से सहित कई जनपदों का भ्रमण कर लघु उद्योग स्थापित किए जाने हेतु कई संस्थाओं, परियोजनाओं का जायेगा लिया और सीमेंट ईंट उद्योग, कड़कनाथ मुर्ग फॉर्म, डोना पत्तल, डेरी उद्योग, बकरी पालन मत्स्य पालन,जैविक खादों के निर्माण आदि प्रोजेक्टों के क्रियान्वयन को अंतिम रूप दिए जाने के प्रयासों की जानकारी दी। शहजादे प्रधान ने उक्त अधिकारी को बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम्य विकास के लिए स्मार्ट विलेज बनाने की दिशा में प्रस्ताव तो बहुत पारित कराए किंतु पंचायतीराज,एवम ग्राम विकास विभाग,मनरेगा द्वारा कार्य स्वीकृतियां तथा धन स्वीकृति नहीं दी जा रही जिससे कई प्रस्तावित कार्य योजनाएं अधर में हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रयागराज द्वारा ग्राम पंचायत की ओर से प्रतावित 21 अक्टूबर 2021 को मनरेगा पार्क के शिलान्यास के बाद अभी तक कार्य स्वीकृति होने के बावजूद धन स्वीकृत न होने से निर्माण कार्य अधर में है। इस निमित्त सक्षम अधिकारियों को पत्राचार कर अवगत कराया जा चुका है। जिस पर ए डी पी आर ओ ने मुख्य विकास अधिकारी महोदय से मिल कर समस्या समाधान किए जाने हेतु मिलने का सुझाव दिया। शेष योजनाओं को अपने स्तर से अनुमन्य कराए जाने हेतु आश्वस्त किया।



## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मेले का किया निरीक्षण

**प्रयागराज।** माघ मेला अंतर्गत अरैल माघ मेला क्षेत्र में बसंत पंचमी स्नान के पर्व पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा अरेल घाट पर लगे मेले का निरीक्षण किया गया और आने जाने वाले श्रद्धालुओं को कोरोना से बचने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही साथ इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि कोई भी श्रद्धालु बिना मास्क के मेले के अंदर ना आए हर जगह स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड-19 डेक्स गाया गया और आने जाने वाले श्रद्धालुओं का थर्मल स्कैनिंग कोरोना जांच और मास्क एवं सैनिटाइजर वितरित किया गया स्वास्थ्य विभाग के इस कार्य की श्रद्धालुओं ने जमकर सराहना की और सभी श्रद्धालुओं ने मास्क और सैनिटाइजर का उपयोग किया , डिप्टी सीएमओ स्वास्थ्य विभाग मेला क्षेत्र के नोडल अधिकारी, डॉक्टर राहुल सिंह बताया कि किस तरह से उनके स्वास्थ विभाग के सभी कर्मचारी स्वच्छता एवं साफ सफाई का विशेष तरीके से ध्यान दे रहे हैं और आने जाने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का विशेष तौर पर ध्यान दिया जा रहा है कोई भी श्रद्धालु बीमार नहीं होने पाए इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है अगर किसी को किसी भी तरह की दिक्कत होती है तो उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र के अंदर स्वास्थ्य शिविर बने हैं वहां पर जाकर श्रद्धालु अपना इलाज करा सकते हैं और की दवा ले सकते हैं वहीं पर मौजूद मेला क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया कि किस तरह से वह अपनी पूरी टीम के साथ पूरे मेले को स्वच्छ बनाने का प्रयास कर रहे हैं और जैसा कि मेले के अंदर साफ सफाई दिखाई भी दी सभी श्रद्धालुओं ने और कल्पवासियों ने धर्मेंद्र कुमार यादव की वर्षण की सराहना की और बताया कि जिस तरह से उन्होंने मेले को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग दिया है वह सराहनीय है। नोडल अधिकारी डॉ राहुल सिंह प्रभारी निरीक्षक मेला क्षेत्र धर्मेंद्र कुमार यादव डॉक्टर जेपी यादव ने मिलकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर निरीक्षण किया।

### बम मामले में दूसरे दिन भी रिमांड पर रही आरोपी की पत्नी

**सिरसा।** प्रयागराज मांडा मेजा सहित विभिन्न स्थानों पर नकली बम रखने में शामिल रहे इंजीनियर प्रकाश सिंह पुत्र ब्रह्मा सिंह निवासी भसुंदर मेजा की पत्नी काव्या सिंह से अभी गहन पूछताछ चल रही है। सूत्रों की मानें तो पुलिस उच्चाधिकारियों के अलावा एसटीएफ सहित अन्य टीमें महिला काव्या व उसके पति प्रकाश सिंह सोमवंशी के बारे में जानकारी करने में जुटी हुई है। सूत्रों ने बताया कि काव्या से पुलिस को कुछ अहम सुराग लगे हैं। वर्षभर पहले प्रकाश सिंह ने काव्या से लव मैरिज किया है। प्रकाश सिंह दो दिन पूर्व बुधवार को गांव के रामतीर्थ ड्राइवर के साथ घर से चार पहिया से निकला था, फिर वापस नहीं लौटा था। मध्य प्रदेश के एक स्थान पर नकली बम रखने में पकड़ लिया गया था। सूत्रों की मानें तो छह वर्षों के भीतर मेजा, मांडा सहित प्रकाश व उसके साथियों ने कुल 13 स्थानों पर नकली बम रख पुलिस सहित सभी को चौका दिया था। नकली बम रखने वालों की तलाश में पुलिस काफी दिनों से लगी थी, कहते हैं कि किए हुए कर्मों का फल अवश्य मिलता है। आखिरकार प्रकाश व उसके साथी पुलिस की गिरफ्त में आ गए।

# सुविधाओं की ध्वस्त व्यवस्था से दूरवाणी नगर के लोग परेशान

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** अवंतिका विकास समिति के तत्वावधान में शनिवार को कॉलोनी की मूलभूत समस्याओं को लेकर पीडीए कालोनी मे दूरवाणी नगर नैनी के महाराजा अग्रसेन पार्क में नागरिकों की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉक्टर आर के श्रीवास्तव एडवोकेट एवं संचालन बद्री प्रसाद मिश्रा ने किया। बैठक के संयोजक पत्रकार गजेंद्र प्रताप सिंह ने कहां कि जहां नागरिको द्वारा शासन का गठन जनहित मे किया जाता है, वही शासन द्वारा प्रशासन की नियुक्ति भी जनसेवा के लिए ही किया जाता है, लेकिन दुर्भाग्य है कि जिस मतदाता को चुनाव के वक्त जनता जनार्दन के रूप मे महिमा मंडन किया जाता है, उसी जनता को चुनाव के बाद पाँच वर्षो तक केवल पश्चाताप करना पड़ता है। आम नागरिक को शासन प्रशासन की दया के अधीन रहने को मजबूर होना पड़ता हैं। बैठक मे मोहल्ले की समस्या से अवगत कराते हुए शैलेन्द्र सिंह ने गाँधी चौराहे से डी सिंह स्कूल तक इण्टरलाकिंग व नियमित सफाई का कार्य कराने की माँग किया, वही राजेन्द्र अग्रहरि ने ईई ब्लाक मे नयी बिछी जाम सीवर लाइन की सफाई कराने व पार्क के चारो ओर जर्जर सड़क की नवीनीकरण को जरूरी बताया। जबकि राजधर यादव ने पार्क की टूटी दीवार बनवाने व ओपेन जिम की आवश्यकता पर बल दिया। वही विनय तिवारी के अनुसार पार्क के किनारे बड़े वृक्षों की शाखाये बिजली के तारो से छू रही है जिससे कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है, ऐसे मे डालियों की कटाई छटाई व ढ़ीले तारो को व्यवस्थित कराना जरूरी है। पार्क मे व्याप्त गंदगी व अतिक्रमण की चर्चा करते हुए स्वतंत्र कुशवाहा ने पार्क मे लगे सोंलरलाइट की बैटरी बदलवाने की माँग किया। वरिष्ठ समाजसेवी शिव शंकर पाण्डेय ने एडीए मोड़ से महर्षी चौराहा, रामनगर चौराहा, से अरैल तिराहा होते हुए शहर तक इलेक्ट्रिक माकोपीलों बस चलवाने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक मे उपस्थित लोगों ने गांधी चौराहे के उत्तर खुले नाला मे आये दिन पशुओं व नागरिकों के गिरने की घटनाओं को देखते हुए नाला ढकवाने को जरूरी बताया। इस दौरान सुभाष चन्द्र, राय साहब पाण्डेय, विनोद शंकर तिवारी, अजय मसीह, घनश्याम केसरवानी, राय साहब मिश्र आदि ने भी विचार व्यक्त किया।

# लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए शत प्रतिशत वोट करना है जरूरी : गीता पासी

अखंड भारत संदेश



जनता का आशीर्वाद प्राप्त करते प्रत्याशी गीता पासी

**सोरांव।** सोरांव विधान सभा के समाजवादी पार्टी के विधान सभा प्रत्याशी गीता पासी ने ग्रामीणों से लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए शत प्रतिशत मतदान करना जरूरी है। अपने वोट की ताकत को पहचाने और हर हाल में मतदान के दिन अपने मताधिकार का इस्तेमाल जरूर करें। और आगामी 27 फरवरी को साइकिल पर बटन दबाकर अपने प्रत्याशी को विधान सभा में पहुंचाएं। और बीजेपी की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंके। इसी में हम सब की भलाई है। तथा वहीं जिला पंचायत खिन्नी लाल पासी ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि सभी लोग अपने-अपने मुंह पर मास्क लगाना न भूलें। तथा कोरोना वायरस के प्रति जागरूक भी किए। इसी के साथ खिन्नी लाल ने कहा कि चुनाव में साइकिल पर बटन दबाकर हम कार्यकताओं की माता स्वरूप गीता पासी के पक्ष में करें। और आने वाले 27 फरवरी को मतदान कर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को विधान सभा में भेजने का काम करें। तथा मतदान के दिन किसी से भी नहीं डरना निर्भीक होकर मतदान करना है। बिना लालच मतदान करना है। मतदान लोकतंत्र का महापर्व है। लोकतंत्र को मजबूत बनाना है। तो मतदान जरूरी है। वही दर्जनों ग्राम सभा में भ्रमण कर लोगों को कोरोना वायरस पर भी जागरूक करते हुए बताया कि कोरोना संक्रमण से बचने के लिए घर से निकले तो बहुत जरूरी है। कि अपने-अपने मुंह पर मास्क लगाएं। तथा साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने की भी जरूरत है। विधानसभा चुनाव के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि खुलकर मतदान करें। किसी से भी डरने की जरूरत नहीं है। अगर कोई भी प्रलोभन देने की कोशिश करें तो तत्काल उसकी जानकारी पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग करें। जिससे पुलिस समय रहते इस पर अंकुश लगा सके।

### आरती कोल का चुनावी जन संपर्क तेज



जन संपर्क करतीं प्रत्याशी आरती कोल

**कोरांव।** आज भाजपा केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर भाजपा प्रत्याशी आरती कोल पर विश्वास जताते हुए वरिष्ठ समाजवादी पार्टी के नेता गेंदालाल गोस्वामी व उमेश गोस्वामी दीना गोस्वामी राजूनाथ गोस्वामी समेत 20 समाजवादी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए,इन सभी नेताओं को आरती कोल द्वारा अंगवस्त्र देकर पार्टी में शामिल कराया गया। इस मौके पर गेंदालाल गोस्वामी ने कहा कि समाजवादी पार्टी अपने मूल विचारों से भटक चुकी है, अब वह मात्र पूंजीवादी पार्टी हो चुकी, समाजवादी पार्टी में जाति विशेष के अलावा किसी का सम्मान नही है। इस मौके पर आरती कोल ने कहा कि वह सबका साथ सबका विकास के संकल्प के साथ क्षेत्र के विकास के लिये समर्पित रहेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जहाँ जनहित के साथ सबका सम्मान सुरक्षित है। इस मौके पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला मंत्री रामराज सिंह पटेल, पूर्व जिला मंत्री अनिल मिश्रा आकांक्षा सोनकर मीडया प्रभारी गणेश प्रसाद मिश्र अभिषेक मौर्य समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा उम्मीदवार ने अंगवस्त्र देकर सपा के नेताओं को दिलायी भाजपा की सदस्यता

### घूघा में मतदान का बहिष्कार कर रहे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर विकास का दिलाया भरोसा

**रत्योरा।** भाजपा के कार्यालय पर भाजपा प्रत्याशी आरती कोल पर विश्वास जताते हुए वरिष्ठ समाजवादी पार्टी के नेता गेंदालाल गोस्वामी व उमेश गोस्वामी दीना गोस्वामी राजूनाथ गोस्वामी समेत 20 समाजवादी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। इन सभी नेताओं को भाजपा उम्मीदवार आरती कोल द्वारा अंगवस्त्र देकर भाजपा की सदस्यता दिलाते हुए पार्टी में शामिल कराया गया। इस मौके पर गेंदालाल गोस्वामी ने कहा कि समाजवादी पार्टी अपने मूल विचारों से भटक चुकी है। अब वह मात्र पूंजीवादी पार्टी हो चुकी है। समाजवादी पार्टी में जाति विशेष के अलावा किसी का सम्मान नही है। इस मौके पर आरती कोल ने कहा कि सबका साथ सबका विकास के संकल्प के साथ क्षेत्र के विकास के लिये समर्पित रहूँगी। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जहाँ जनहित के साथ सबका सम्मान सुरक्षित है। भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय कोरांव पर समाजवादी पार्टी के नेताओं को भाजपा में शामिल कराने के बाद भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार आरती कोल विकासखंड कोरांव के घूघा ग्राम पंचायत पहुंची जहां समुचित विकास कार्य न कराए जाने से नाराज ग्रामीणों को समझा-बुझाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही चुनाव जीतने के बाद गांव में काली सड़क व बूथ तक विद्युतीकरण कराए जाने का आश्वासन दिया। ज्ञातव्य हो कि घूघा गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को गांव का समुचित विकास न होने से नाराज होकर मतदान का बहिष्कार करने के लिए प्रदर्शन किया था। जिसका संज्ञान लेते हुए ग्रामीणों के बीच पहुंचकर भाजपा उम्मीदवार ने विकास कार्य कराए जाने की बात कही है। इस मौके पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मंत्री रामराज सिंह पटेल, पूर्व जिला मंत्री अनिल मिश्र, आकांक्षा सोनकर, मीडया प्रभारी गणेश प्रसाद मिश्र अभिषेक मौर्य समेत कई भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तारा ग्रुप लघु उद्योग बेरोजगारों को दे रहा काम

## कड़कनाथ मुर्गे फॉर्म,इंटरलॉकिंग ईट, फ्लाइंग ब्रिक्स,गोशाला,पेपर मिल,रेडियो बुंदेलखंड,यूनिट से लो जीगों से मिल रहा रोजगार, ग्राम पंचायत अल्हवा ब्लॉक कोराव प्रयागराज में उद्योग स्थापित किए जाने के उद्देश्य से ग्राम प्रधान ने विभिन्न निर्माण कार्य इकाइयों का लिया जायजा

अखंड भारत संदेश



वीडीओ तारा ग्राम में तारा ग्रुप के यूनिटों का जायेगा लिए जाने और उनसे जानकारियां प्राप्त करते हुए प्रधान शहजादे अल्हवा एमएसएसटी के निदेशक

**प्रयागराज।** हिम्मत, धैर्य, व्यवहार,तथा आचरण एक ऐसी ताकत है जिससे इंसान बुलंदियों तक पहुंचता है और रोजगार के सृजन से बेरोजगारी दूर की जा सकती है। इसका उदाहरण जनपद नेवाड़ी ओरछा नगर पंचायत मध्य प्रदेश में देखने को मिला। मिस्किन सेवा संस्थान ट्रस्ट के फाउंडर शहजादे मंत्री अखिल भारतीय प्रधान संघ उत्तर प्रदेश प्रयागराज मंडल प्रयागराज ने ४ फरवरी 2022 को तारा ग्रुप की यूनिटों का जायेगा लिया। जिससे ग्राम पंचायत अल्हवा ब्लॉक कोरांव इलाके में रोजगार के सृजन से श्रमिकों को प्रत्येक कल्याणकारी यूनिटों योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।

तारा ग्राम के नाम से प्रसिद्ध तारा ग्रुप अथवा तारा निर्माण केंद्र,द्वारा इंटरलॉकिंग ईट,फ्लाई ब्रिक्स, गो शाला,कड़कनाथ मुर्गा पालन,पेपर निर्माण प्लांट,रेडियो बुंदेलखंड,का जाएजा लिया। उक्त निर्माण केंद्र में फैक्ट्री का प्रोडक्शन,निर्माण कार्य में लगे महिला पुरुष श्रमिकों से बात चीत की। तीन चार यूनिटों में कार्यरत पूरे यूनिट के प्रभारी अनिल दुवेदी,ने बताया कि पेपर यूनिट में नए सफेद कपड़ों के कतरनों से केरी बैग,डायरियां, लेम्सेड,फोटो फ्रेम,पेन स्टैंड बॉक्स,आदि निर्माण कराए जाते हैं। उन्होंने बताया कि सफेद कतरन काटन,६५ रुपए केजी,और रंगीन काटन कतरनों से २८ रुपए केजी खरीदा जाता है और थैला तैयार किया जाता है।जिसको महिलाएं ही तैयार करती हैं। इसी तरह कड़कनाथ मुर्गा फॉर्म में एक अलग किस्म के मुर्गों की क्वालिटी देखी गई। कड़कनाथ मुर्गों यूनिट के इंचार्ज संजीव खरे,और कार्यकर्ता दयाशंकर ने बताया कि चुंजे इसके अलग प्रकार के अंडों से तैयार किए जाते हैं। जो पूर्णतया देशी मुर्ग होते हैं। वर्तमान में चार सौ चुजें हैं जिन्हे पालन किया जा रहा है। जो दो दो किलो ग्राम वजन के होंगें। इन्हे क्रय करने के लिए लोग ऑर्डर देते हैं,और यहीं से परचेजिंग होती है। तीसरी यूनिट गो शाला है,जिसमे एक सौ गाएं पाली गई हैं। जिससे उनकी सुरक्षा खान पान चारा भूसे की व्यवस्था की जा रही है। उक्त गायों से निकलने वाले गोबर से जैविक पद्धति से मशाल बनवा कर जैविक खाद तैयार की जाती है। इससे वायोगैस तैयार कराते हैं। इसी प्रकार तारा ग्रुप का अपना एक रेडियो स्टेशन है। जो रेडियो बुंदेलखंड के नाम से प्रसिद्ध है। इससे जुड़ कर लोग जीविका चलाते हैं साथ ही लोकल तथा सामाजिक मुद्दों,समस्याओं को उठा कर साशन सरकार एवम जन जन तक ध्यान आकृष्ट कराते हैं। उक्त तारा ग्रुप डी ए के जी फाउंडर प्रबंध निदेशक दिल्ली के कर्नल शांतनू चौधरी हैं,जी होने उक्त ग्रुप को अंजाम दे कर उद्योग के सृजन से लोगों की बेरोजगारी दूर कर रहे हैं।

### क्या बोले उद्योग से जुड़े लोग

जे एस सिंह सोलंकी काष्ठ व्यवसाई,तथा लघु निर्माण कार्य उद्यमी,अनिल दीक्षित झांसी व्यवसाई,राजेश शुक्ला लखनऊ,श्री बघेल एडवोकेट भोपाल,व्यवसाई,देवेंद्र सिंह सोलंकी ओरछा सोशल एक्टिविस्ट,पंडित प्रवीण अधिकारी भोपाल ने लघु उद्योग को बढ़ावा दिए जाने तथा ग्राम पंचायतों को आत्म निर्भर बनाए जाने पर बातचीत हुई। और अल्हवा ग्राम में कुछ उद्योग स्थापित किए जाने पर चर्चा हुई।

## न्यूज झरोखा

### नेशनल कान्वेंट स्कूल गधियाव में मनाया गया बसंत पर्व





**करछना।** शनिवार को करछना तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत गधियांव में नेशनल कान्वेंट स्कूल में बसंत पंचमी पर्व स्कूल छात्र एवं छात्राओं संघ स्कूल के प्रबंधक रिजवान अहमद एवं प्रधानाचार्य रिजवाना बानों संघ नौनिहाल बच्चों ने बसंत पंचमी का पर्व बड़े उल्लास एवं रंगा रंग कार्यक्रम के तहत मनाया ।सबसे पहले मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना की गयी, उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनकी बंदना के साथ कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी ।इस मौके पर स्कूल के नौनिहालो ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

### बसंत पंचमी के अवसर पर मॉ सरस्वती की हुई पूजा



**करछना।** बसन्त पंचमी के पावन पर्व पर श्री मती इन्दिरा गांधी बिद्यालय जगौती में माँ वीणा वा दिन सरस्वती जी का विधि विधान से पूजा अर्चना की गई इस अवसर पर अरूण कुमार मिश्र राम मणि दिवेदी पवनेश कुमार सोनी आनन्द कुमार पटवा शिखा पाण्डेय रंजना विश्व कर्मा आदि लोगों ने मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना की गयी।

### बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की हुई वंदना



**सहसों।** ज्ञान की माता मां सरस्वती की ऋतुओं के राजा बसंत ऋतु के बसंत पंचमी पावन पर्व पर विधि विधान से पूजन अर्चन कर आरती एवं वंदना की गई। क्षेत्र के रुदापुर स्थित भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान के प्रांगण में शनिवार को बसंत पंचमी के पावन पर्व पर ज्ञान देवी माता सरस्वती की माल्यार्पण कर आरती उतारी गई तत्पश्चात बंदना एवं सरस्वती गीत गाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं सहित अध्यापक गण माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके विधि विधान पूर्वक दीप प्रज्वलित करके आरती उतारी गई एवं माता सरस्वती के चरणों में मां की वंदना की गई तथा विद्यालय के छात्र छात्राओं ने ज्ञान की माता सरस्वती जी से बुद्धि-विद्या प्रदान करने की कामना की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विनय उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं में प्रसाद के रूप में मिष्ठान का वितरण किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, छात्र छात्राओं सहित समस्त अध्यापक गण एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### भोगीपुर चौरा माता मंदिर पर सरस्वती पूजन का आयोजन



**जंघई।** बसंत पंचमी के अवसर पर विगत चार वर्षों से चौरा माता मंदिर भोगीपुर प्रांगण में सरस्वती पूजन अर्चन कार्यक्रम समाजसेवी दिनेश लालचंद्र उमरवैश्य द्वारा आयोजित किया जा रहा है ।शनिवार को बसंत पंचमी पर्व पर सरस्वती पूजन कार्यक्रम का संचालन शैलेश पाठक ने किया आए हुए अतिथियों द्वारा चौरा माता एवं सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चना किया गया ।बच्चों को कॉपी किताब तथा कलम देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया ।कार्यक्रम के अंत मे भोगीपुर निवासी चंद्रमा प्रसाद तिवारी पप्पू के द्वारा बच्चों को योगा करने हेतु प्रोत्साहित किया गया और उनके साथ बच्चों ने योगा भी किया ।इस अवसर पर रमाकांत मौर्य प्रबंधक एसके माडर्न इंटरमीडिएट कालेज, सभाजीत तिवारी, श्रीनाथ शर्मा, रवि तिवारी अध्यक्ष जन कल्याण सेवा संघ, रोहित तिवारी, संजय तिवारी कन्हैया उमरवैष्य विशाल तिवारी, शुलभ तिवारी, शिब्बू, प्रज्वल, प्रत्यूष, सुमित एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

### बसपा उम्मीदवार राजबली जैसल ने किया नामांकन



**रत्योरा।** कोरांव (265) सुरक्षित विधानसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार राजबली जैसल ने शनिवार को समर्थकों के भारी हुजूम के साथ जिला कचहरी प्रयागराज पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान बहुजन समाज पार्टी के उत्साही कार्यकताओं ने कोरांव ने ललकारा है, राजबली हमारा है के जमकर नारे भी लगाए। बहुजन समाज पार्टी से नामांकन कर चुके पूर्व विधायक राजबली जैसल ने कहा कि मेजा कोरांव की जनता ने मुझे तीन बार विधायक बनाया है। अगर इस बार भी सहयोग मिला और चौथी बार जीत मिली तो निश्चित तौर पर क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। उन्होंने कहा कि कोरांव क्षेत्र में मेरे द्वारा व्यापक पैमाने पर विकास कार्य कराए गए हैं। पाल क्षेत्र में सड़कों का निर्माण हो अथवा चेकडैम व पुल रपटा का निर्माण हो सभी विकास कार्य बृहद पैमाने पर कराए गए हैं। अगर पुनः मौका मिला तो क्षेत्र के विकास में धन की कमी आड़े नहीं आएगी। नामांकन के दौरान पूर्व विधायक के साथ जिला सचिव रामकुमार कुशवाहा, विधानसभा अध्यक्ष देवी चरण कुशवाहा, जिला सचिव राजू गौतम, ब्राह्मण भाईचारा के अध्यक्ष शिव शंकर पांडेय, ज्ञान चंद्र पटेल, संजय सिंह पटेल, समेत भारी संख्या में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी व क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### प्रधान के घर पर चढ़ कर हमला, लूट पाट, महिला प्रधान सिपोवा की रपट न लिखने का आरोप



**कोराव।** ग्राम पंचायत प्रधान सिपउआ ब्लॉक कोरांव मालती देवी कोल के घर में घुस कर सरहगों ने हमला किया और जेवर आदि उठा ले जाने का आरोप है,जिसकी रपट थाना कोरांव में दी गई किंतु पुलिस ने रपट अपने हिसाब से दर्ज किए जाने की बात कही,अलबत्ता पुलिस ने आरोपियों की रिपोर्ट लिख कर डाक्टरी जांच के लिए भेजा ,ऐसा आरोप महिला प्रधान ने लगाया है। बता दें कि गांव के ही रूप चंद्र आदि ने मिल कर मालती देवी कोल ग्राम प्रधान सिपोवा के घर चढ़ कर भद्दी गालियां देते हुए मारा पीटा और घर के अंदर से जेवरात भी उठा ले गए। तहरीर थाना कोरांव में दी किंतु आरोपियों की तहरीर पर डाक्टरी जांच आदि कार्यवाही की किंतु प्रधान की तहरीर महीन दर्ज की गई। प्रधान ने बताया कि पुलिस अपने हिसाब से तहरीर दर्ज करना चाहती है। प्रधान ने सीधे मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई है। ग्राम प्रधान संगठन कोरांव ने पुलिस अफसरों से रपट प्रधान की दर्ज कर ह्मलेरो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। दिनों-दिन गिरावट हो रही है। सप्ताहभर पहले कोरोना पॉजिटिव की संख्या अधिक रहती थी। बताया कि कोरोना से बचने के लिए लोगों को मास्क लगाना जरूरी है, साथ ही एक दूसरे से सामाजिक दूरी का पालन श्रेयकर है।

# अनंत भाव के साथ लाखों श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

## बसंत पंचमी : संगम पर उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला



बसंत पंचमी पर संगम में स्नान करते श्रद्धालु



संगम स्नान को जा रहे भक्तों का रेला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** वसंत पंचमी पर शनिवार को संगम पर आस्था की लहरें हर तन-मन को अभिसिंचित करती रहीं। भक्ति के प्रवाह में बहने के लिए लोग उसी तरह अतुर दिखे, जैसे नदियां समुद्र में मिलने के लिए कल कल निनाद करते हुए बढ़ रही हों। संगम तट पर माघ मेला के चौथे स्नान पर्व वसंत पंचमी पर आस्था का जन सैलाब इसी तरह उमड़ पड़ा। मेला प्रशासन ने दिन के 12 बजे तक सात लाख लोगों के संगम स्नान का दावा किया। संगम पर विलुप्त मां सरस्वती के अवतरण पर श्रद्धा के अनंत भावों के साथ देश के कोने-कोने से निकले लाखों श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई। आधी रात से ही स्नान आरंभ हो गया। संगम समेत गंगा के नौ घाटों पर कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच डुबकी लगने लगी। गंगा, यमुना के साथ ज्ञान की गहरी जड़ों के रूप में विलुप्त सरस्वती की अनुभूति पाकर हर कोई धन्य होता रहा।

**भोर से ही उमड़ने लगी थी भीड़**

भीड़ को देखते हुए शाम को ही वाहनों का प्रवेश संगम क्षेत्र में रोक दिया गया। लाल मार्ग, काली मार्ग और त्रिवेणी मार्ग पर पौ फटने तक कहीं तिल रखने भर की जगह नहीं बची। स्नान-ध्यान के साथ रेती पर मां वाग्देवी की आराधना, आरती और दीपदान भी होता रहा। वहीं, संतों और कल्पवासियों के शिविरों में भी कहीं यज्ञ, अखंड पाठ तो कहीं संगीतमय कथाएं और कीर्तन किए जाते रहे।त्रिवेणी मार्ग पर भजनानंदी संतों की टोलियां जहां झांझ-मजीरे के साथ झूमती रहीं, वहीं शिविरों से समूहों में निकलतीं महिलाएं मां गंगा के गीत गाते हुए संगम की ओर बढ़ती रहीं। संगम के अलावा अन्य स्नान घाटों पर महिलाएं डुबकी लगाने के साथ हल्दी-चंदन के टीके लगाकर कामनाओं के दीप जलाती रहीं। उसी में शंख और घंटियों की भी गूंज मचती रही और जयकारे भी लगाए जाते रहे। स्नान के बाद पुरोहितों से तिलक-त्रिपुंड लगवाने के भी कतारें लगती रहीं। उसी भीड़ में लोग बिछड़ते और मिलते भी रहे। संगम के अलावा काली मार्ग के पूर्वी तट के अलावा राम घाट और दशाश्वमेध घाट पर भी स्नानार्थियों का रेला दिन भर उमड़ता रहा।वसंत पंचमी पर माघ मेला प्रशासन ने शाम छह बजे तक 15 लाख श्रद्धालुओं के संगम में डुबकी लगाने का दावा किया है। मेला प्रशासन एसडीआरएफ, फ्लड कंपनी के जवानों के साथ प्रशिक्षित गोताखोर स्नान घाटों पर तैनात रहे। इस दौरान पांच सेक्टर में बसे मेला क्षेत्र की सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाती रही।मेले में आने वाले स्नानार्थियों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए छह स्थानों पर पार्किंग बनाई गई थी। ताकि, संगम आने वाले श्रद्धालुओं को स्नान घाटों तक पहुंचने में कम दूरी तय करनी पड़े। इस दौरान एडीजी प्रेम प्रकाश, आईजी राकेश सिंह,एसएसपी अजय कुमार, एसपी मेला डॉ. राजीव नारायण मिश्र लगातार भ्रमण करते रहे।

**संगम पर स्नानार्थी बेहोश, अस्पताल में भर्ती**

वसंत पंचमी स्नान के दौरान शनिवार को एक बुजुर्ग स्नानार्थी की ठंड लगने से हालत बिगड़ गई। डुबकी लगाने के बाद वह कांपने लगा और कुछ देर बाद गिरकर बेहोश हो गया। जानकारी मिलने के बाद अफसरों ने उसे अंबुलेंस से त्रिवेणी अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार आ गया है।

## वसंत पंचमी स्नान पर्व पर बस व रेलवे स्टेशन पर जुटी यात्रियों की भीड़



**प्रयागराज।** माघ मेला के चौथे प्रमुख स्नान पर्व वसंत पंचमी को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह रहा। गंगा, यमुना के संगम के पावन जल में स्नान के लिए आस्थावानों का रेला रेलवे स्टेशन व बस अड्डे पर नजर आ रहा है। शुक्रवार की रात से ही श्रद्धालुओं के स्टेशनों पर पहुंचने का क्रम जारी रहा है। भोर से भीड़ अधिक नजर आ रही थी । लोग स्टेशन से माघ मेला के लिए अलग-अलग वाहनों से रवाना हो रहे । वही स्नान करने के बाद वापसी का क्रम भी शुरू हो गया है।

### यात्रियों को बसें व ट्रेन चलाई जा रही हैं

वसंत पंचमी के स्नान पर्व पर यात्रियों को आवागमन में कोई असुविधा न हो इसके लिए रोडवेज और रेलवे ने तैयारी की है। रेलवे रामबाग से तीन विशेष ट्रेनें चला रहा है। जबकि प्रयागराज संगम स्टेशन पर रिजर्व में ट्रेन खड़ी है। भीड़ बढ़ने पर इस ट्रेन को भी श्रद्धालुओं के लिए चलाने का इंतजाम किया गया। वहीं, बस अड्डों पर लगातार अलग-अलग रूटों पर बसों का संचालन किया जा रहा है। रोडवेज ने अपनी ओर से अठ्ठारह सौ बसों का इंतजाम किया है।

### अधिकारी करते रहे निरीक्षण

बस अड्डों पर यात्रियों को बसे मिल रही है अथवा नहीं। छोटी दूरी के यात्रियों को बस में बैठाया जा रहा है अथवा नहीं। इसकी जांच के लिए लगातार अधिकारी बस अड्डों का निरीक्षण कर रहे हैं। सिविल लाइंस बस अड्डे पर रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक टीकेएस विसेन ने निरीक्षण कर यात्रियों से बातचीत की। बस अड्डे पर मौजूद चालक व परिचालकों को उन्होंने यात्रियों के साथ अच्छे बर्ताव का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि बसंत पंचमी पर अठ्ठारह सौ बसों को चलाने का इंतजाम किया गया। भीड़ बढ़ने के साथ ही अतिरिक्त बसों की भी व्?यवस्?था रही। पांच सौ से अधिक बसें प्रयागराज मंडल के पास स्वयं की मौजूद हैं। यात्रियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आने की बात कही। बोले कि यात्री कोरोना वायरस के लिए बनाई गई गाइडलाइन का पालन करें और मास्क लगाने के बाद ही बसों में सफर करें।

## दुष्कर्म के मामले में एफआईआर रद्द करने की अर्जी खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिजनौर के धामपुर के दुष्कर्म के आरोपी की एफआईआर रद्द करने की अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला संज्ञेय अपराध का प्रतीत हो रहा है। लिहाजा, एफआईआर रद्द करने की याचिका रद्द की जाती है। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति अजय त्यागी की खंडपीठ ने जलीलुर्रहमान उर्फ जमालुद्दीन की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। हाईकोर्ट ने मामले में तेलगांना राज्य बनाम हबीब अब्दुल्ला जेलानी के केस का हवाला दिया। कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस केस में कहा है कि निर्धारित कानून के मद्देनजर प्रथम सूचना रिपोर्ट को रद्द नहीं किया जा सकता है। मामले में याची पर लड़की से दुष्कर्म करने का आरोप है।

## आरपीएफ कांस्टेबल ज्ञानचंद को मरणोपरांत सर्वोत्तम जीवन रक्षा मिला पदक

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** पिछले वर्ष कौशांबी में आत्महत्या की नीयत से आई महिला को बचाने में अपनी जान गंवाने वाले रेल सुरक्षा बल के कांस्टेबल शहीद ज्ञान चंद को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक दिया है। देश भर से कुल छह जवानों का इसके लिए चयन हुआ है। स्वर्गीय ज्ञानचंद को यह सम्मान दिए जाने की खबर आरपीएफ इंडिया ने शनिवार दोपहर ट्वीट के माध्यम से दी है। यह जानकारी मिलने के बाद प्रयागराज शहीद ज्ञानचंद को याद करने के साथ उनके साथियों की आंखें नम हो गई।पिछले वर्ष ही मार्च 2021 में प्रयागराज मंडल के भरवारी रेलवे स्टेशन में देवरिया के खुखुंदू थानांतर्गत मिश्र का पुरवा मजरा परसिया निवासी ज्ञान चंद अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान में रात 12 बजे के आसपास प्रयागराज से जयपुर जाने वाली मथुरा एक्सप्रेस आने की सूचना ज्ञान चंद को मिली। प्लेटफार्म निरीक्षण के दौरान ज्ञानसिंह की नजर ट्रैक पर घूम रही एक 35 वर्षीय महिला पर पड़ी।इस बीच महिला को देखकर लोको पॉयलट द्वारा बार-बार हार्न बजाया जाता रहा लेकिन वह ट्रैक पर ही खड़ी रही। उसे देख जवान ज्ञानसिंह तत्काल महिला की ओर दौड़ा और उसे पीछे की ओर धकेल दिया, लेकिन इस दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ज्ञान चंद पूर्व में प्रयागराज जंक शन पर भी तैनात रह चुके थे। उनके निधन की खबर से तब हर कोई स्तब्ध हो गया। फिलहाल अब ज्ञानचंद को उसकी बहादुरी एवं सर्वोच्च बलिदान देने के लिए मरणोपरांत राष्ट्रपति द्वारा सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक से सम्मानित किया है। उनके साथी एसआई अमित द्विवेदी ने बताया कि आरपीएफ के लिए यह सबसे बड़ा सम्मान है। कहा कि स्व. ज्ञानचंद अपनी कर्तव्यनिष्ठा, विनम्र स्वभाव के लिए जाने जाते थे। ज्ञानचंद सहकर्मियों के बीच अपने गाने के लिए भी प्रसिद्ध थे। कोविडकाल के दौरान मानिकपुर स्टेशन पर उनके गाये हुए अंतिम गीत आज भी उनके साथियों के जेहन में हैं।

## बसंत पंचमी के अवसर पर नमामि प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

**अखंड भारत संदेश**




नमामि प्रदर्शनी में उपस्थित लोग

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा माघ मेले में भव्य प्रदर्शनी लगाई गई है ।जिसमें चित्रों एवं मॉडल के माध्यम से गंगा अवतरण , मध्य गंगा, अर्थ गंगा , सांस्कृतिक महत्व , योजनाएं, आदि के बारे में विस्तार से एवं रोचक तरीके से जानकारी दी गई है। बसंत पंचमी के पर्व पर माघ मेला में लाखों श्रद्धलुओं का आगमन हुआ । प्रदर्शनी में प्रयागराज में नमामि गंगे परियोजना पर कार्य कर रहे विभिन्न विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया है। जिसमें भारतीय वन्य जीव संस्थान, सिफिरी, नेहरू युवा केंद्र, गंगा टास्क फोर्स द्वारा नमामि गंगे परियोजना के बारे जानकारी दी जा रही है । प्रदर्शनी में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन कम्युनिकेशन स्पेशलिस्ट अथर्वराज पांडे के नेतृत्व में सभी को लगातार गंगा स्वच्छता हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है । जिला युवा अधिकारी जागृति पांडे ने बताया कि गंगादूतो के द्वारा अंगंतुको को नेहरू युवा केंद्र- नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह ने बताया कि स्टॉल में आए हुए सभी लोगो गंगा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कृष्ण प्रकाश उपाध्याय व गंगा पहरी की टीम द्वारा गंगे के जलीय जीवो और जैव विविधता के बारे में जागरूकता फैलाई जा रही है । । प्रदर्शनी को देखने के लिए भारी संख्या में लोग आये और प्रशंसा भी किया।प्रदर्शनी देखने आ रहे लोगों का कहना है कि इस अनोखी प्रदर्शनी के माध्यम से वो तो और जागरूक हो रहे हैं साथ ही साथ बच्चे भी तस्वीरों को देख कर गंगा के महत्व को समझ रहे हैं।

# एसओजी टीम पर हमला, असलहा सप्लायर को पकड़ने गई थी टीम

## दरोगा को महिला ने दांत से काटा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कैंट थाना क्षेत्र के राजापुर इलाके में शुक्रवार की रात एसओजी टीम पर बस्ती के लोगों ने हमला कर दिया गया। एसओजी टीम तमंचा सप्लायर को पकड़ने बस्ती पहुंची थी। वहीं पर बवाल हो गया। न सिर्फ दरोगा और सिपाहियों के साथ मारपीट की गई, उन पर पथराव भी कर दिया गया। दरोगा आशीष कुमार को एक महिला ने दांत से काटकर बुरी तरह से घायल कर दिया। सूचना मिलने पर एसपी सिटी नेतृत्व में कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची और छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

एसओजी ने शुक्रवार को तमंचा के साथ एक युवक को पकड़ा था। पूछताछ में उसने बताया कि राजापुर का अजय पासी तमंचा सप्लायर है। उसी ने तमंचा बेचा था। एसओजी के दरोगा आशीष कुमार, हेड कांस्टेबिल मनीष सिंह, हेड कांस्टेबिल रमेश, पुष्पेंद्र, अनिल, अरविंद और चालक संजय सिंह के साथ रात में राजापुर स्थित बस्ती पहुंच गए। वहां जगह जगह लोग शराब पी रहे थे।

### आरोपी के बारे में पूछने पर पुलिस पर हमला

दरोगा आशीष ने उन्हीं लोगों से अजय पासी के बारे में पूछा तो वे लड़ने पर अमादा हो गए। आशीष और दोनों सिपाही बताते रह गए कि वे एसओजी से हैं लेकिन कोई भी मानने को तैयार नहीं था। बात बढ़ती गई और बस्ती के लोगों ने पुलिस वालों के कपड़े खींचने शुरू कर दिए। बड़ी संख्या में वहां महिलाएं भी आ गईं थीं। उन लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। सिपाही मनीष सिंह के कपड़े फाड़ दिए तो टीम भागने लगीं। उसी समय एक महिला ने दरोगा आशीष को दांत से काटकर घायल कर दिया। इसके बाद भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। पथराव में मनीष का सिर फूट गया। किसी तरह एसओजी टीम वहां से भागी और अधिकारियों को सूचना दी। घायलों को उपचार के लिए ले जाया गया। इसके बाद एसपी सिटी दिनेश सिंह के नेतृत्व में कई थानों की फोर्स ने बस्ती में छापा मारा। मुख्य आरोपी अजय पासी समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### पुलिस को देख बस्ती में भगदड़, पकड़े गए आरोपियों पर संगीन धाराएं

एसओजी टीम पर हमले के बाद जब कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची तो बस्ती में भगदड़ मच गई। लोग भागने लगे लेकिन टीम ने मुख्य आरोपी अजय पासी के साथ पुलिस टीम पर हमला करने वाले सचिन पासी, संजय पासी, सुनील कुमार, आर्यन अंसारी, और रज्जन प्रसाद को गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट, पुलिस पर हमला समेत कई संगीन धाराएं लगाई गई हैं एसपी सिटी दिनेश कुमार ने बताया कि आरोपियों से दो तमंचे और तीन चाकू बरामद किया गया है।

## जसरा बाजार में चोर ने पुलिस को मारा थप्पड़

**जसरा।** जसरा बाजार में सोलर लाइट की बैटरी खोलते चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। चोर से पूछताछ में एक दुकान के बाहर से चोरी किया गया पंखा भी घर से बरामद हुआ। इसी दौरान डायल 112 के सिपाही को चोर ने एक थप्पड़ मार दिया । नाराज सिपाही दोनों चोर को पकड़ कर थाने ले गए। पीड़ित ने पंखा चोरी की लिखित तहरीर पुलिस को दे दी है। शनिवार की भोर में लगभग 4 बजे तीन चोर सड़क के किनारे लगे सरकारी सोलर लाइट की बैटरी खोल रहे थे । इतने में एक व्यापारी अपने दुकान का सामान उतरवाने के लिए पहुंचा । व्यापारी को देखते ही तीनों चोर भागने लगे। उनमें से एक चोर को व्यापारियों ने दौड़ाकर पकड़ लिया । जबकि दो चोर मौके से भाग निकले । शोरगुल सुनकर दर्जनों की संख्या में बाजार के लोग इकट्ठा हो गए। इसी दौरान लोगों ने जब चोर को कर्रा किया तो उसने अपने दोनों साथियों का नाम बता दिया तथा एक दिन पूर्व एक दुकान के बरामदे में लगा दो पंखा चोरी की बात भी कबूल कर ली। वहीं बाजार के लोग जब थोड़ी आगे गए तो रामलीला मैदान से दोनों चोर भी पकड़ में आ गए। आपाधापी में एक चोर फिर से भाग निकला। जबकि व्यापारियों ने दोनों चोर को पकड़ लिया। किसी ने यूपी डायल 112 को फोन कर दिया। डायल 112 के सिपाही भी मौके पर पहुंच गये तथा बाजार निवासी एक चोर के घर से चोरी किए हुए दोनों पंखे बरामद कर लिया।

# क्रियायोग अभ्यास ही बसंत पंचमी की वैज्ञानिक पूजा : स्वामी श्री योगी सत्यम



ध्यान की मुद्रा में बैठे क्रियायोग गुरु



क्रियायोग अभ्यास करते समस्त साधक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय क्रियायोग वैज्ञानिक स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने बसंत पंचमी के अवसर पर देश विदेश से आए हुए साधकों को बसंत पंचमी पर्व के महत्व को क्रियायोग के वैज्ञानिक शब्दों में समझाया की क्रियायोग ध्यान में मनुष्य विश्व के सभी रचनाओं के साथ शाश्वत एकता की अनुभूत करता है, इस स्थिति में वह ब्रह्मांड के सभी रचनाओं की सच्ची सेवा करने की सामर्थ्य रखता है और वह निरंतर परम शांति की अनुभूति में बना रहता है ' स्वामी जी ने यह भी बताया कि बसंत आया का अभिप्राय है जीवन में ज्ञान खुल जाना जो मनुष्य के अंदर ज्ञान का पुष्प कमल दल के रूप में सिर व रीढ़ में कहा जाता है, जिसे चक्र के नाम से जाना जाता है वह चक्र बसंत के समय खिल जाता है खिलने के पश्चात सुगंध फैलती है वह सुगंध शांति के रूप में, धैर्य साहस के रूप में फैलने लगती है सुगंध के दौरान ही फल लगता है ज्ञान के रूप में वह ज्ञान जो सब को जोड़ता है इसी क्रिया को बसंत कहते हैं ' तथा साधकों को यह भी बताया कि पंचमी के बिना बसंत होता ही नहीं है रीढ़ के अंदर जो पांच ज्ञान के केंद्र है मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनहत, विशुद्धि, जब खेलते हैं तभी बसंत आता है इसी को बसंत पंचमी कहा जाता है तथा क्रियायोग का अभ्यास करना ही बसंत पंचमी की वैज्ञानिक पूजा है।

# दरोगा की पिस्टल से चली गोली सिपाही को लगी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कोतवाली थाना में शनिवार दोपहर करीब 3 बजे पिस्टल से गोली चलने से पास में खड़े सिपाही के पैर में जा लगी। हादसा पिस्टल की साफ-सफाई और मैगजीन डालने के दौरान हुआ। सिपाही को स्वरूपरानी अस्पताल ले जाया गया। उसके ऑपरेशन की तैयारी की जा रही है। एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि पिस्टल में मैगजीन डालने के दौरान दरोगा दिनेश यादव की पिस्टल से धोखे से गोली चली है। सिपाही के घुटने के नीचे गोली लगी है।

**सिपाही अस्पताल में भर्ती, आपरेशन की चल रही तैयारी**

कोतवाली थाना में चुनाव ड्यूटी के लिए सभी पुलिसकर्मी अपनी बंदूक की साफ-सफाई कर रहे थे।



घायल सिपाही को देखने पहुंचे पुलिस के अधिकारी

शनिवार दोपहर करीब 3 बजे दरोगा दिनेश यादव भी अपनी पिस्टल की सफाई करने के बाद मैगजीन डाल रहे थे। इस दौरान मैगजीन फंस गई। उसको निकालने के दौरान अचानक ट्रिगर दब गया, जिससे गोली चल गई। यह गोली पास में मौजूद सिपाही चंदन सोनी के घुटने पर जा लगी। आनन-फानन में घायल सिपाही को शहर के स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में ले जाया गया। वहां डॉक्टरों की टीम ने गोली निकालने के लिए ऑपरेशन की तैयारी शुरू कर दी है। सूचना पर एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह भी अस्पताल पहुंचे।

## सीएचसी मेजा में जांच के दौरान एक व्यक्ति मिला कोरोना पॉजिटिव

**मेजा रोड।** सीएचसी मेजा में हुई कोरोना की जांच में भटौती गांव का एक व्यक्ति पॉजिटिव पाया गया। जानकारी होने पर सीएचसी के अधीक्षक ने कोरोना संक्रमित को दवा व सलाह देने के बाद होमक्वांरटीन रहते हुए किसी अन्य व्यक्ति के संपर्क में न आने की बात कही। डॉ. बबलू सोनकर ने बताया कि सीएचसी में 44 एंटीजन व 45 आर टीपीसीआर की जांच की गई, जिसमें एक पॉजिटिव पाया गया। मेजा में अब कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की संख्या में इजाफा हुआ है।

## फाफामऊ हत्याकांड की जांच एसआइटी ने नए सिरे से की शुरू

**प्रयागराज।** फाफामऊ हत्याकांड की जांच अब विशेष जांच दल (एसआइटी) ने नए सिरे से शुरू कर दी है। एसआइटी में शामिल पुलिस अधिकारी बंजारों, खानाबदोश बदमाशों और पुरानी रंजिश को अपनी विवेचना में शामिल कर रहे हैं। ऐसा इसलिए कि पूरे मामले में संदिग्ध लोगों की कड़ी से कड़ी जोड़कर तफ्तीश को आगे बढ़ाते हुए सही अभियुक्तों का नाम प्रकाश में लाया जाए।फाफामऊ में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्?या कर दी गई थी। इस हत्?याकांड में परिस्थितजन्य साक्ष्य के आधार पर जिन तीन युवकों को गलत ढंग से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, उसके जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के विरुद्ध अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसको लेकर भी तरह-तरह की चर्चा है।

### घुमंतू बदमाशों पर जताया गया था शक

अधिकारियों का कहना है कि 25 नवंबर 2021 को जब दलित किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म कर पूरे परिवार की हत्या का मामला सामने आया था, तब भी बिहार के घुमंतू बदमाशों पर शक जताया गया था। वजह यह थी की उनका काम करने का तरीका ठीक वैसा ही था, जैसे मऊआइमा, मांडा, सोरांव समेत अन्य थानाक्षेत्र में वारदात को अंजाम दिया था।

### गिरोह के चार सदस्य हैं फरार

घटना से कुछ दिन पहले गंगापार और यमुनापार में इसी गैंग से जुड़े दो बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ में गोली लगी थी, जिनके साथ कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया था। गिरोह से जुड़े चार सदस्य अभी तक फरार चल रहे हैं। ऐसे में इस घटना के पीछे उनका हाथ हो सकता है, इसको ध्यान में रखते हुए फिर से छानबीन शुरू की गई है। फिलहाल अधिकारियों का कहना है कि सारे तथ्यों और साक्ष्यों को संकलित करते हुए विवेचना की जा रही है।

# कृपा करो अब अपना स्वर दो, गाऊं तेरी वाणी, कल्याणी....

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कृपा करो अब अपना स्वर दो, गाऊं तेरी वाणी, कल्याणी भवानी दयानी, ये स्वर आज शनिवार को मकन्द्रूगंज में आयोजित भव्य सरस्वती पूजन में यश भारती पुरस्कार से सम्मानित डा0 शिवानी मातनहेलिया ने हारमोनियम, तबला, ढोलक, तानपुरा की धुनों पर बिखेरा तो पूरा पण्डाल ज्ञान की देवी सरस्वती की भक्ति भावना में सराबोर हो गया।

आओ मेरे कंठ विराजो, मन सुमन तुमको समर्पित कर रहे आराधना, इस तरह की हुई मां सरस्वती की पूजा में राग भोपाली, ताल कहरवा, आरती व सरस्वती चालीसा के सुरों की गूंज घंटों गूंजती रही। पूर्वान्ह में 11 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में सबसे पहले सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर पूजा की गई और शिवानी मातनहेलिया ने अपने पिता जगदीश मातनहेलिया के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर एमडीपीजी कालेज के प्राचार्य डा0 मनोज मिश्रा, हेमवती नंदन बहुगुणा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती के भव्य ढंग से की जा रही पूजा अर्चना की सराहना की।

इसके अलावा पतंजलि योग के दुर्गेश, राना स्टूडियो के शाह आलम, पत्रकार शैलेन्द्र मिश्र, साहित्यकार राजमूर्ति सौरभ, सुनील प्रभाकर मृदुल ने डा0 शिवानी के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत वंदेमातरम, जय जय जन्म भूमि व भारत माता के गीतों पर डा0 शिवानी भाव विभोर होकर मंच से नीचे आकर तालियों के साथ थिरकने लगी तो पूरा पण्डाल तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम में एंजिल्स स्कूल की चेयरपर्सन डा0 शाहिदा, प्रभात एकेडमी के प्रधानाचार्य प्रभात शर्मा, भाजपा नेता ओम प्रकाश पाण्डेय उर्फ गुड्डु, संत फांसिस स्कूल की संचालिका के अलावा बड़ी संख्या में शहर के प्रमुख नागरिकगण मौजूद रहे। डा0 शिवानी ने बताया कि अमृत महोत्सव की कार्यशाला में इन्हीं बच्चों को इंद्र प्रताप सिंह ने तैयार कराया था जिन्होंने आज यह देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किये हैं। उन्होंने सभी के प्रति आभार जताया।

## मकन्द्रूगंज में शिवानी मातनहेलिया ने किया भव्य सरस्वती पूजन



बसंत पंचमी पर आयोजित कार्यक्रम में भाव विभोर हुईं शिवानी।

## झांकी ने मन मोहा, भंडारे में उमड़ी भीड़

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी सेंटर भंगवा में बसन्तोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्या की देवी माता सरस्वती की झांकी ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में ओवी, परी, मुस्कान, अंजू, प्रिंस समेत कई बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। पूजन के बाद भंडारे में भीड़ उमड़ी रही। छात्रा रागिनी की टोली ने आकर्षक रंगोली बनाई। कार्यक्रम का संचालन टीचर शनि सरोज ने किया। इस मौके पर सत्यम, साहिल, राजनंदिनी, प्रदीप, प्रिया, सिद्धार्थ समेत काफी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

## बसंत पंचमी पर शस्त्र पूजन व भंडारे का किया गया आयोजन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी नगर, प्रतापगढ़।** बसन्त पंचमी के पावन पर्व पर आरएसएस कार्यकताओं ने गायत्री मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इस अवसर पर खंड कार्यवाह प्रिंस बरनवाल, खण्ड प्रचारक रवीन्द्र, विनय तिवारी, आशीष सोनी, अशोक जायसवाल, विजयेन्द्र सोनी, पत्रकार बिन्दु समेत तमाम भक्तगण मौजूद रहे। वही पट्टी नगर स्थित शिव मंदिर के सामने गायत्री मंदिर पर आज बसंत पंचमी के पावन अवसर पर हवन पूजन एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पट्टी नगर के श्रद्धालु एवं व्यापारी भारी संख्या में उपस्थित रहे। इसमें भारी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहे एवं गायत्री मंत्र से हवन पूजन किए उसके बाद सभी ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे के आयोजन में आर यस यस खंड वाह प्रिंस बरनवाल खंड प्रचारक रविंद्र विनय तिवारी आशीष सोनी, तनुज मेडिकल स्टोर प्रोपराइटर अशोक जयसवाल, जुग्गी लाल जायसवाल विजेंद्र सोनी एवं मोहित खरे आदि लोग मौजूद रहे।



आचार्य सदाशिव शिक्षण संस्थान में सरस्वती पूजन करती शिक्षिका।

## स्कूल कालेजों में भी हुई सरस्वती पूजा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बसंतोत्सव पर स्कूल-कालेजों में भी सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। आचार्य सदाशिव शिक्षण संस्थान खरहर में सरस्वती पूजन व सुंदरकाण्ड का पाठ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा0 मृत्युजय प्रसाद, गायत्री तिवारी, राधा तिवारी, शेष उपाध्याय, अश्विनी कुमार पाल, राघवेन्द्र पाण्डेय, जगन्नाथ शर्मा, आशीष यादव, प्रीति मिश्रा आदि उपस्थित रहीं। नगर के हैप्पी टाइम स्कूल में मां सरस्वती का पूजन विधि विधान से किया गया। ज्ञान की देवी मां की सरस्वती की पूजा अर्चना में प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र, कंचन मिश्र, रितु शुक्ला, सीमा पटेल आदि ने पूजा अर्चना के बाद सरस्वती चालीसा का पाठ भी किया। इसी प्रकार सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला पूर्वी में सरस्वती पूजन व विद्या आरंभ संस्कार बसंत पंचमी पर शुरू किया गया। यह जानकारी प्रधानाचार्य दिग्विजय ने दी।

# भाजपा सरकार की नाकामी पर मोना ने बोला हमला

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले की रामपुरखास की विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि विकास तथा अमन ही रामपुर खास की जनता का सदैव एजेण्डा रहा है। उन्होने कहा कि क्षेत्र के उत्तरोत्तर विकास तथा हर तबके के मान सम्मान की सुरक्षा ही प्रमोद तिवारी के नेतृत्व मे उनकी सदैव प्राथमिकता बनी नजर आयेगी। शनिवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र मे पार्टी कार्यकताओं व जनसंवाद के बीच कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कार्यकताओं से चुनाव प्रचार के साथ कोरोना के ओमिक्रॉन संकट को देखते हुए लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति भी जागरूक भूमिका का आहवान



किया। सीएलपी नेता मोना ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार अब पूरी तरह से निराश और हताश हो उठी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के मुख्यमंत्री से लेकर केन्द्रीय मंत्री तक चुनाव के समय विकास की बात न कर जनता का ध्यान मतों के ध्रुवीकरण के सहारे बरगलाने मे लगे है।

## आज रामपुर खास आएंगे प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस स्टार प्रचारक एवं सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी आज रविवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र मे कांग्रेस द्वारा आयोजित जनसभाओं मे शामिल होगें। प्रमोद तिवारी ग्यारह बजे परानीपुर एक बजे मुस्तफाबाद तथा दिन मे ढाई बजे रांकी एवं सायं चार बजे नरवल मे जनसभाओं को संबोधित करेंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने यहां दी है।

## कच्ची देसी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना बाघराय से उ0नि0 हरिमोहन राजपूत मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के ग्राम मंसा का पुरवा, जलालपुर से एक व्यक्ति ओम प्रकाश पुत्र महारानीदीन नि0 जलालपुर थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ को 20 लीटर अवैध कच्ची देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया व मौके से लगभग एक क्वंटल लहन नष्ट किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 42/2022 धारा 60 आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों मे मिले युवक की पिटाई के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के धारूपुर गौखाड़ी निवासी सदाशिव की पशुशाला मे शुक्रवार की रात संदिग्ध परिस्थिति मे बैठा मिला। सदाशिव ने पशुशाला मे बैठे युवक को देखा तो शोर मचा दिया। शोर शराबा सुनकर मौके पर जुटे ग्रामीणों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी। बाद मे ग्रामीणों ने पुलिस को बुलाकर पकडे गये युवक को सौंप दिया। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सौपा गया युवक नशे मे धुत था। उसे कोतवाली मे लाकर पूछताछ की जा रही है।

## चोरी की 40 बीयर केन के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली नगर से उ0नि0 दौलत यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0 79/2022 धारा 457, 380 भादंवि से संबंधित दो अभियुक्तों बलराम सिंह उर्फ बली व वीरेन्द्र पाण्डेय उर्फ वकील को थाना क्षेत्र के बिरई का पुरवा भोजपर बिहारगंज से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से उक्त अभियोग से संबंधित 25 अदद बीयर केन भरी हुई व 15 अदद बीयर केन खाली बरामद की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त में बलराम सिंह उर्फ बली पुत्र स्व0 शिवबरन सिंह निवासी बिरई का पुरवा भोजपुर बिहारगंज, थाना कोतवाली नगर व वीरेन्द्र पाण्डेय उर्फ वकील पाण्डेय पुत्र लालजी पाण्डेय निवासी बिरई का पुरवा भोजपुर बिहारगंज, थाना कोतवाली नगर शामिल हैं।

# राजा भइया सहित सपा, बसपा के अनेक प्रत्याशियों ने किया नामांकन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विधान सभा चुनाव के लिये आज नामांकन करने वालों की भीड़ उमड़ी। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने कुण्डा से आज अपना नामांकन जनसत्ता दल प्रत्याशी के रुप में दाखिल किया।

इसके अलावा जनसत्ता दल से ही बाबागंज सीट के लिये विनोद सरोज तथा एमएलसी सीट के लिये अक्षय प्रताप सिंह गोपाल ने नामांकन किया। राजा भइया के साथ उनके दोनों बेटे कुंवर शिवराज प्रताप सिंह व कुंवर बृजराज प्रताप सिंह भी कैम्प कार्यालय में आए हुए थे। इसके अलावा कुण्डा से काफी लोग नामांकन में शामिल होने आए लेकिन सभी समर्थकों को गेट पर रोक दिया गया। नामांकन कर बाहर निकले राजा भइया ने कहा कि चुनाव में भाषा का संयम बरतना बहुत जरुरी है। अनर्गल बातों से माहौल खराब होता है। बता दें कि सपा प्रत्याशी गुलशन यादव ने कुछ आपत्तिजनक बातें कही थी जिसको लेकर राजा भइया ने आज ये बातें कही।

इसके अलावा आज बहुजन समाज पार्टी के विश्वनाथगंज प्रत्याशी संजय तिवारी, पट्टी प्रत्याशी फूलचंद्र मिश्रा, कुण्डा प्रत्याशी अब्दुल फहीम, रामपुर खास प्रत्याशी बांकेलाल पटेल, समाजवादी पार्टी के कुण्डा प्रत्याशी गुलशन यादव तथा समाजवादी पार्टी के पट्टी प्रत्याशी राम सिंह पटेल ने भी नामांकन किया। राम सिंह पटेल अपने समर्थकों के साथ सपा कार्यालय से अफीम कोठी तक आए लेकिन उनके समर्थकों को गेट पर रोक लिया गया और निर्धारित संख्या में ही अंदर जा सके।

## गोपाल, विनोद सरोज, गुलशन यादव, संजय तिवारी ने भी किया नामांकन



अफीम कोठी में अपना नामांकन दाखिल करते गुलशन यादव।



अफीम कोठी में अपना नामांकन दाखिल करते पूर्व मंत्री राजा भइया।

## पुलिस को धता बताकर सपा उम्मीदवार के पास पहुंचा पिस्टलधारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आज नामांकन के बाद कुण्डा के समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी गुलशन यादव के पास एक युवक पिस्टल लेकर पहुंच गया। जैसे ही उसने पिस्टल निकाली, पुलिस ने उसे दबोच लिया और उसे पकड़कर कोतवाली ले आई। यह मामला नगर कोतवाली इलाके के मीरा भवन चौराहे का है। बता दें कि राजा भइया के खिलाफ सपा उम्मीदवार गुलशन यादव हैं। इसके पहले गुलशन यादव ने अपनी जान का खतरा भी ट्वीट किया था।

## सदर, रानीगंज, विश्वनाथगंज से नहीं घोषित हुए प्रत्याशी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नामांकन के पांच दिन बीत गये। कांग्रेस व बसपा अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित कर चुनाव प्रचार में जुट गई है लेकिन रानीगंज में भाजपा, विश्वनाथगंज में सपा व अपना एस तथा सदर सीट पर भी न तो सपा और न ही अपना दल ने प्रत्याशी घोषित किया है। इससे कार्यकर्ता मायूस दिखाई पड़ रहे हैं।

# प्रशिक्षण में कृषि की नवीनतम तकनीकी की दी गई जानकारी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** दिव्य ज्योति सेवा संस्थान कालाकांकर प्रतापगढ़ द्वारा चलाये जा रहे कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थियों को कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंठू में भ्रमण कराया गया एवं कृषि वैज्ञानिकों से वार्ता कराई गई।

वार्ता के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ नवीन कुमार सिंह ने प्रशिक्षार्थियों का सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षण किया एवं प्रशिक्षार्थियों को उपयोगी जानकारी प्रदान की। डॉ0 अवधेश कुमार सिंह ने कृषि की नवीनतम तकनीकियों से अवगत कराया एवं प्रशिक्षार्थियों से कहा कि आज का युग कम्प्यूटर का युग है, कम्प्यूटर के उपयोग ने आज काम को आसान कर दिया है। इससे समय और श्रम दोनों की बचत होती है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड डॉ ए0 के0 श्रीवास्तव ने आये हुए सभी प्रशिक्षार्थियों का स्वागत किया एवं कृषि विज्ञान केन्द्र की प्रदर्शन इकाइयों एवं प्रदर्शनों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। अन्त में कार्यक्रम का समापन करते हुए दिव्य ज्योति सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर डॉ ए0के0 श्रीवास्तव, डॉ नवीन सिंह, डॉ अवधेष सिंह, डॉ अमित बरनवाल, स्वाती दीपक दूबे, महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रशान्त उपाध्याय, सुभाश यादव, चन्द्रिका प्रसाद, राममोहन, राकेश, जय प्रताप, संजय, रोशनलाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

# मैत्री ही सम्पूर्ण धम्म है: धम्मादिन्ना



समन्वय समागम के धम्म प्रबोधन में मौजूद भिक्षुणी धम्मादिन्ना अय्या।

## समन्वय समागम में हुआ धम्म प्रबोधन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मैत्री ही सम्पूर्ण धम्म है जिसमें बुद्ध ने साधना के सारे चरण दिए हैं। इसमें ग्यारह लाभ मार्ग हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति अपनी सम्पूर्णता को पाता है। उक्त बातें जनपद सुगतानन्द बुद्ध विहार पर समन्वय सेवा संस्थान द्वारा संचालित पावन धम्म सत्ताहो के समापन शिविर में पूज्य भिक्षुणी धम्मादिन्ना अय्या ने कही। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका मध्यम मार्ग के संपादक, बौद्ध विद्वान, चिन्तक, धम्मध्वजा वाहक व कुशल वक्ता आचार्य राजेश चंद्रा ने अपने धम्म प्रबोधन में कही।

इसके पूर्व उनके आगमन पर जनपद प्रतापगढ़ के धम्मानुरागियों द्वारा पारंपरिक श्वेत वस्त्रो में धम्मध्वजों के साथ भव्य स्वागत किया व पावन भिख्खू संघ में पराम्परागत श्वेत वस्त्र में उपासिकाओं की बड़ी सहभागिता दिखाई दी। कार्यक्रम का बुध्दारम्भ पूज्य भंते कल्याण मित्र व पावन भिख्खू संघ के सानिध्य मे त्रिशरण, पंचशील व आनापानसति (ध्यान) द्वारा किया गया। दीपशिखा व दिनेश सरोज ने बुद्ध वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विपशनाचार्य सुभाष चंद्रा को स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र व धम्म पट्टिका के साथ समन्वय गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पधारें अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका मध्यम मार्ग के संपादक, बौद्ध विद्वान, चिन्तक, आचार्य राजेश चन्द्रा ने दान के प्रकार, उसकी महत्ता पर व्याख्यान दिया। अध्यक्षता कर रही बहन लीलावती ने किया। संचालन कर रहे राकेश कन्नौजिया ने कहा कि धम्म सत्ताहो से चतुष्य परिषद (भिक्षु संघ, भिक्षुणी संघ,उपासिका व उपासक संघ) एक साथ बौद्ध धम्म की बारीकियों का अध्ययन मनन व श्रवण किया। इस मौके पर सुरेंद्र विमल वरिष्ठ उपासक वेद प्रकाश सरोज, रामप्यारी बुआ, सुशील दद्दू, वेद प्रकाश, सी0पी0 राव, सुलोचना राव, दिनेश कुमार सरोज, संजय कुमार, अवधेश कुमार, उमेश चन्द्र, महेश मणि आदि लोग मौजूद रहे।

# मजदूर की संदिग्ध मौत के मामले मे नौ के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

## पत्नी की नौकरी व पचीस लाख की मांग को लेकर शव दफनाने से परिजनों ने किया इंकार

## पुलिस के समझाने बुझाने के आश्वासन पर दूसरे दिन किया गांव मे ही अंतिम संस्कार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों मे युवक की मौत के मामले मे परिजनों ने नौ आरोपियो के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। परिजनों ने पत्नी की नौकरी व आर्थिक सहायता की मांग को लेकर शव दफनाने से इंकार कर दिया था। सीओ व तहसीलदार के आश्वासन के बाद गांव मे ही परिजनो ने दूसरे दिन मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

लालगंज कोतवाली के बाबूगंज डीहमेंहदी निवासी विजय कुमार फरूर्खाबाद मे ईट भटठे पर मजदूरी कर रहा था। बीती तीन फरवरी को भटठे से अपने घर के लिए निकला। शाम को वह सगरा सुंदरपुर बाजार उतरकर अपने घर जा रहा था। रास्ते से उसने परिजनो को फोन कर बताया कि कुछ लोग उसका पीछा कर रहे है। तीन फरवरी की रात वह घर नही पहुंचा। बाद मे दूसरे दिन चार फरवरी की सुबह उसका शव गांव के समीप एक तालाब मे संदिग्ध परिस्थितियों मे फांसी पर लटकता पाया गया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई तो पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया था। पीएम के बाद शुक्रवार की शाम साढे छः बजे शव घर पहुंचा तो परिजनों ने भटठा मजदूर का शव दफनाने से इंकार कर दिया। शनिवार को परिजनों द्वारा शव दफनाने से इंकार करते हुए मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी पचीस लाख की आर्थिक सहायता तथा पांच बीघा जमीन देने की प्रशासन से मांग करने लगे। जानकारी पर सीओ रामसूरत सोनकर, तहसीलदार जावेद अंसारी व कोतवाल कमलेश पाल गांव पहुंचे और दोपहर तक मान मनौवल व आश्वासन देकर किसी तरह परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए तैयार किया। दोपहर बाद करीब दो बजे शव का अंतिम संस्कार करने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। उधर पत्नी अंजू देवी की तहरीर पर पति के हत्या के आरोप मे शीतलमऊ निवासी राजकुमार, डीहमेंहदी निवासी रोहित सरोज, धर्मेन्द्र सरोज, शिवानी, रीता, समेत चार अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला भी दर्ज कराया गया है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत मे लेकर पूछताछ कर रही है।

## पति ने जताई पत्नी से हत्या की आशंका

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पति की मानसिक स्वास्थ्य ठीक ना होने की बात कह कर पत्नी अपने पति को जबरन उससे जमीन का बैनामा कराना चाहती हैं। पीड़ित पति ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर अपनी हत्या की आशंका जताई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के अमूवाही गांव के रहने वाले देवी प्रसाद पुत्र राम चंद्र दुबे का आरोप है कि बीते 25 जनवरी को उसकी पत्नी नीरज देवी ने एक मनगढ़ंत प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी पति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वह गांव के कुछ लोगों को जबरन उसकी जमीन को बेचना चाहती हैं इसी कारण वह उसे लेकर अपने मायके चली गई और वहां पर दबाव बनाने लगी लेकिन जब पीड़ित पति ने जमीन बेचने से मना किया तो उसे आरोपियों ने मिलकर मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस साजिश में उसकी पत्नी भी आरोपियों का साथ दे रही है। पीड़ित का कहना है कि वह पूरी तरीके से स्वस्थ हैं लेकिन उसकी पत्नी आरोपियों के साथ मिलकर उसकी हत्या करना चाहती हैं अपनी जान की सुरक्षा के लिए पीड़ित पत्नी पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

## खबर संक्षेप

### दो सप्ताह तक मनाया जाएगा कुष्ठ पखवारा दिवस

**कौशाम्बी।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी से 2 सप्ताह 13 फरवरी तक राष्ट्रीय कुष्ठ दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराय अकिल में राष्ट्रीय कुष्ठ दिवस पखवारा मनाया जा रहा है इस मौके पर चिकित्सकों ने कहा कि कुष्ठ रोग एक गंभीर बीमारी है जिसे देश से भगाना है लेकिन कुष्ठ रोग लाइलाज नहीं है इसका इलाज सम्भव है इस मौके पर विनोद कुमार राय ने कहा कि कुष्ठ रोग का इलाज संभव है इसकी जागरूकता रोगियों तक पहुंचाने की जरूरत है उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग की दवा सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है। मरीज सरकारी अस्पतालों से दवा लेकर मर्ज ठीक कर सकता है उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग से घबराने की जरूरत नहीं है कुष्ठ पखवारा दिवस के अवसर पर चिकित्सक फार्मा सिस्ट कस्बे के समाजसेवी लोगों के साथ साथ इलाके के तमाम मरीज के परिजन मौजूद रहे।

# चरवा क्षेत्र में टुकड़ों में मिली युवक की लाश

## पहले मिल चुकी लाशों का खुलासा करने में हाफ रही है पुलिस

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चायल सर्किल क्षेत्र के चरवा थाना अंतर्गत हावड़ा दिल्ली रेल लाइन पर दो टुकड़ों में एक अधेड़ की लाश मिली है सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी है मौके पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है 2 दिन पूर्व सिराथू सर्किल क्षेत्र के कोखराज थाना अंतर्गत गंगा नदी किनारे झाड़ी में एक नर कंकाल मिला है जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के टुकड़ों को एकत्रित कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है काफी प्रयास के बाद अधेड़ के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है इसके पूर्व भी कोखराज चरवा सहित कई कई थाना क्षेत्रों में अज्ञात लाशें मिल चुकी है यह अज्ञात लाश कहां से आती हैं इस मामले को लेकर पुलिस गंभीर नहीं है जिससे अज्ञात लाशों का खुलासा नहीं हो पा रहा है घटनाक्रम में बताया जाता है कि चरवा थाना क्षेत्र के चिल्ला शाहबाजी गांव के पास सांसद विनोद सोनकर की गैस एजेंसी से कुछ दूरी पर रेलवे लाइन पर एक युवक की टुकड़ों में लाश मिली है जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जाती है काफी प्रयास के बाद शिनाख्त नहीं हो सका है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## 3 दिन बीते विवाहिता की हत्या के आरोपियों पर नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के ख़्वाचकी मई गांव में 02 फरवरी को विवाहिता चित्रा देवी की गला घोंटकर हत्या कर दी गयी है घटना को 3 दिन बीत चुके हैं लेकिन विवाहिता के हत्यारों के विरुद्ध मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है हत्या आरोपियों के ऊपर मुकदमा क्यो नही लिखा जा रहा है मुकदमा दर्ज कराने से पुलिस क्यो डगमग रही हैं। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के उखैयाखास गांव की चित्रा देवी पुत्री चंद्रिका प्रसाद की शादी हिन्दू रीतिरिवाज से सैनी थाना क्षेत्र के ख़्वाच्किमई गांव में जितेन्द्र कुमार मौर्य के साथ 10 जून 2020 को हुई थी चित्रा के पिता चंद्रिका प्रसाद मौर्या ने अपनी बेटी को अपने हैसियत के बराबर दहेज दिया था लेकिन उतने में दहेज लोभियों का पेट नही भरा उनकी तो और डिमांड होने लगती हैं डिमांड ना पूरी होने पर बेटी को मौत के घाट उतार दिया विवाहिता की हत्या को 3 दिन बीत चुके हैं लेकिन पुलिस मामले में मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है पीड़ित पिता ने पुलिस आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए विवाहिता की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया जाने और उनकी गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है।

## चेकिंग के दौरान पुलिस ने वसूला जुर्माना

**कौशाम्बी।** जनपद मे लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेशों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया, जिनमें 121 वाहनों का ई चालान किया गया एवं 03 वाहनों का चालान कर 1500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया साथ ही बिना मास्क लगाये घूमने एवं सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 04 व्यक्तियों से 500 रुपये जुमार्ना वसूला गया।

## मतदान एवं मतगणना के दिन मद्य निषेध घोषित

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला मजिस्ट्रेट सुजीत कुमार ने विधानस'भा सामान्य निवार्चन-2छ022 में मतदान एवं मतगणना के दिन मद्य निषेध घोषित किये जाने लोकशक्ति बनाये रखने तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण मतदान कराये जाने के उद्देश्य से संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम-1910 की धारा-59 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए आदेशित किया है कि निम्नलिखित तालिका के अनुसार सम्बन्धित क्षेत्रों के अर्न्तगत आने वाले जनपद की समस्त/यथावश्यक देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भॉग एवं एफएल016/17 की फुटकर एवं थोक अनुज्ञापन की दुकानों से नियत अवधि के दौरान मादक वस्तुओं की बिक्री पूणर्तया प्रतिबन्धित रहेगी जनपद फतेहपुर की सीमा से 08 किलोमीटर की दूरी तक जनपद कौशाम्बी के समस्त आबकारी अनुज्ञापन 21 फरवरी 2022 के 5 बजे से 23 फरवरी 2022 के 5 बजे तक अथवा मतदान समाप्ति तक 27 फरवरी 2022 जनपद कौशाम्बी के समस्त आबकारी अनुज्ञापन 25 फरवरी 2022 के 5 बजे से 27 फरवरी 2022 के 5 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना 10 फरवरी 2022 जनपद कौशाम्बी के समसत आबकारी अनुज्ञापन 10 फरवरी 2022 को मतगणना समाप्ति तक इस बन्दी अवधि में अनुज्ञापितयों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा मतदान एवं मतगणना के दौरान मादक वस्तुओं के उपभोग को नियन्त्रित करने के लिए उसके कब्जे में रखे जाने की सीमा का प्रावधान भी लागू रहेगा।

# सपा बसपा भाजपा सहित 12 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र



नामांकन के दौरान भीड़ नियंत्रित करती पुलिस

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** विधानसभा चुनाव 2022 के नामांकन में 5 फरवरी को सपा बसपा भाजपा सहित 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है बताते चलें कि सिराथू विधानसभा क्षेत्र से छेददु चमार और जितेंद्र कुमार ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया है तो समर्थ किसान पार्टी से विजय कुमार ने बहुजन मुक्ति पार्टी से धीरज कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसी तरह मंझनपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी लाल बहादुर ने समर्थ किसान पार्टी प्रत्याशी राधेश्याम चौधरी ने और जन अधिकार पार्टी से लाखन सिंह राजपासी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है इसी तरह चायल विधानसभा से समर्थ किसान पार्टी प्रत्याशी सुशील चौहान अपना दल प्रत्याशी नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल समाजवादी पार्टी प्रत्याशी पूर्व विधायक पूजा पाल बहुजन समाज पार्टी से अतुल द्विवेदी बहुजन मुक्ति पार्टी से दानिश अली ने नामांकन पत्र दाखिल किया है नामांकन पत्र दाखिल को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद हैं और मंझनपुर चौराहा से कलेक्ट्रेट तक पूरी व्यवस्था को छावनी में तब्दील कर दिया गया है चप्पे-चप्पे पर अर्धसैनिक बल और थाना पुलिस के जवान मौजूद है आला अधिकारी भी सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी कर रहे हैं।

# सुरसा की तरह दहेज लोभियों का बढ़ा मुंह लाखों की जमीन भी कराया बैनामा

अखंड भारत संदेश

**कन्या पक्ष से लाखों की जमीन बिना पैसा दिए बैनामा कराने के बाद वर पक्ष ने तिलक चढ़वाने से किया इनकार**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के मलाक नागर गांव की मालती देवी की शादी करारी थाना क्षेत्र के खोजवा पुर रकस्वारा गांव के अनिल कुमार गुप्ता के साथ निश्चित हुई थी सगाई के बाद मालती के ससुराली जनों ने उसके पिता की एक बीघा 4 बिस्वा जमीन भी बिना पैसा दिए दहेज के नाम पर बैनामा करा लिया और जमीन का बैनामा होने के बाद उनकी डिमांड और बढ़ गई दहेज की डिमांड ना पूरे होने पर तिलक चढ़ाने से वर पक्ष ने इंकार कर दिया है जिससे दोनों परिवारों के बीच खटास बढ़ गई और मामला पुलिस की चौखट तक पहुंच गया है। दहेज लोभियों ने सगाई के बाद एक बीघा 4 बिस्सा जमीन बैनामा करा लिया तिलक आने से पहले ही 3 लाख रुपये नगद और एक बुलेट व एक सोने की चैन लाने के लिए दबाव बनाने लगे कन्या पक्ष ने असमर्थता जताई इतना न लाने पर तिलक चढ़ाने से इंकार किया।

चरवा थाना क्षेत्र के मलाक नागर गांव की विधवा गीता देवी पत्नी स्व राजू साहू ने अपनी लड़की मालती की शादी करारी थाना क्षेत्र के खोजवा पुर मजरा रक्सावारा गांव के अनिल कुमार गुप्ता पुत्र रामनरेश गुप्ता के साथ रिस्ता तय किया और सगाई हो गई और शादी की तारीख तय हो गई और शनिवार को वर पक्ष के घर तिलक जाना था लेकिन शुक्रवार की शाम को वर अनिल ने फोन करके दहेज की मांग किया और दहेज में इतना समान न लाने पर तिलक नही करवाने की बात कही है वर पक्ष के बढ़ते डिमांड से पीड़ित विधवा महिला ने चरवा थाने में तहरीर देकर दहेज लोभियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है।

# छात्र-छात्राओं पर बना रहे मां सरस्वती का आशीर्वाद : रामकृष्ण त्रिपाठी

**बसंत पंचमी के पर्व पर जिले के विभिन्न गंगा यमुना घाटों में लोगों ने स्नान कर पूजा अर्चना की है**



सरस्वती पूजन करते शिक्षक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** बसंत पंचमी के पावन पर्व पर धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार में मां सरस्वती की पूजा अर्चन धूमधाम से की गई है इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक रामकृष्ण त्रिपाठी ने मां सरस्वती से मंगल कामना की है कि विद्यालय के छात्र छात्राओं पर उनका आशीर्वाद बना रहे और स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं का बेहतर भविष्य बन सके। बसंत पंचमी के पावन पर्व पर विद्यालय के अध्यक्ष रामकरण त्रिपाठी रामलखन त्रिपाठी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण पूजा अर्चन किया गया इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ विद्यालय के शिक्षक निर्भय सिंह महेश प्रसाद रामचन्द्र पाल सतेन्द्र गुप्ता धनंजय सिंह अमित त्रिपाठी धर्मेन्द्र कुमार चौधरी आदि उपस्थित रहें।अंत मे मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये विद्यालय के संरक्षक रामकृष्ण त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में माँ सरस्वती का आशीर्वाद छात्र छात्राओं पर बना रहे ऐसी मंगलमयी कामना की अंत मे विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.राम किरण त्रिपाठी ने आये हुये अतिथियों का आभार व्यक्त किया। बसंत पंचमी के अवसर पर इसी तरह जिले के तमाम शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती की पूजा वंदना की गई है घर-घर में छात्रों ने मां सरस्वती की पूजा की है बड़े ही धूमधाम से बसंत पंचमी का पर्व जिले में मनाया गया है और बसंत पंचमी के पर्व पर जिले के विभिन्न गंगा यमुना घाटों में लोगों ने स्नान कर पूजा अर्चना की है।

## सोशल मीडिया पर अश्लील पोस्ट डालने वाला सिपाही लाइन हाजिर

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के चायल पुलिस चौकी में तैनात सिपाही अनिल कुमार ने सोशल मीडिया में अश्लील पोस्ट भेजी थी जिस पर पुलिस वर्दी की किरकिरी होने लगी चारों ओर सिपाही के इस आचरण पर लोगों ने आवाज बुलंद कर अश्लीलता फैलाने वाले सिपाही पर कार्यवाही की मांग शुरू कर दी मामले की शिकायत ट्विटर के माध्यम से पुलिस अधिकारियों से कर लोगों ने सिपाही पर कार्यवाही की मांग की सोशल मीडिया में अश्लील फोटो भेजने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीजीपी ने पुलिस अधिकारी को निर्देशित किया जिस पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने सिपाही अनिल कुमार को लाइन हाजिर करते हुए प्रकरण की जांच क्षेत्राधिकारी चायल को सौंप दी है सोशल मीडिया में गलत पोस्ट करने वाले सिपाही पर अभी तक आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है लोगों ने सिपाही पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है।

# अग्नि परीक्षा का है समय विधायकों ने जो बोया वही काटेंगे

अखंड भारत संदेश

**बिरादरी से हटकर नेताओं की सोच को ग्रहण लग गया है और वह सिर्फ अपने बिरादरी और रिश्तेदारों का भला कर आम जनता का भला मानने लगे हैं**

**कौशांबी।** विधानसभा 2022 के चुनाव की घोषणा होते ही राजनीतिक गलियारे के साथ-साथ गांव गांव की चौपाल में हलचल मच गई है चारों ओर विधायक प्रत्याशियों की चचाएं हो रही हैं नामांकन करने वाले सभी प्रत्याशी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं जबकि हकीकत यह है कि बीते 5 वर्ष के दौरान आम जनता के साथ उनका कैसा व्यवहार रहा यह उनके आने वाले भविष्य को तय करेगा बीते विधानसभा चुनाव में जिले के तीनों विधानसभा चायल सिराथू मंझनपुर में भाजपा प्रत्याशियों को जनता ने जीत दर्ज कराकर विधायक बनाया था तीन विधायकों में एक विधायक को भाजपा ने इस बार फिर टिकट भी दिया है कुछ नए चेहरों ने भी विधानसभा चुनाव में नामांकन कर हलचल मचा दी है और कुछ पुराने नेताओं ने भी नामांकन किया है लोगों के बीच नए चेहरे भी आने वाले दिनों में बेहतर कार्य करने का दावा कर मतदान की अपील कर रहे हैं आम जनता का कहना है कि जिस ने जो बोया है उसे वही काटना पड़ेगा। चुनाव जीतने के बाद 5 वर्षों तक रिश्तेदारों बिरादरी के बीच तक सीमित रहने वाले लोगों को अन्य बिरादरी के लोग सबक सिखाने को तैयार हैं अब हालांकि मतदाता इनको कितना सबक सिखा पाते हैं यह तो चुनाव परिणाम के बाद समझ में आएगा लेकिन कई धुरंधर प्रत्याशियों को भी जनता की मनोदशा का एहसास होने लगा है जिससे उनके चेहरे की चमक गायब होती दिख रही है कोई प्रत्याशी अपनी सज्जनता का हवाला देकर जनता का मत ले जाना चाहता है तो कोई प्रत्याशी बीते वर्षों में जिले में कराए गए कार्यों का हवाला दे रहा है जबकि विकास कार्यों में भी जातिवाद खुलकर थी और इसी तरह सज्जनता में भी बिरादरी वाद छिपा था बिरादरी से हटकर नेताओं की सोच को ग्रहण लग गया है और वह सिर्फ अपने बिरादरी और रिश्तेदारों का भला कर आम जनता का भला मानने लगे हैं जिससे आम जनता इन नेताओं से भरपूर नाराज है। जनता के सामने मजबूरी है कि मतदान के अलावा वह इन विधायकों से अन्य किसी तरह से अपने गुस्से को प्रदर्शित नहीं कर सकती इसलिए विधानसभा का चुनाव आते ही मतदाता भी अपने गुस्से का खुलकर इजहार कर रहे हैं और मौका मिलते ही विधायकों को पटकनी देकर नए चेहरों को जीत दर्ज करा देते हैं अपने बीते 5 वर्ष के कार्यकाल में किए गए कार्यों को विधायक प्रत्याशियों को याद करना होगा उन्होंने कितना बिरादरी और रिश्तेदारों के लिए किया है और कितना आम मतदाताओं के विकास के लिए किया है यह उनके कार्य विधानसभा चुनाव के मतदान में अहम योगदान रखेंगे बिरादरी रिश्तेदारों तक 5 वर्ष सीमित रहने वाले विधायकों को अपने आचरण में सुधार करना होगा खुलकर समाज की बात करनी होगी चुनाव जीत जाने के बाद भी अपने विरोधियों से गल बहिया डालने में संकोच करना होगा जातिवाद और व्यक्तिगत वाद से हटकर समाज के विकास की बात करनी होगी तभी जनता के बीच उनके मधुर संबंध बने रह सकते हैं लेकिन चुनाव जीतने के बाद नेताओं को इन सब बातों से वास्ता नहीं रह जाता है और वह कुछ अपने लोगों के बीच घिरे रह जाते हैं और नेताओं के रिश्तेदार और उनके स्वजातीय लोग ही आम जनता पर रौब गांठकर अत्याचार आतंक दलाली करते हैं जिसका खामियाजा आने वाले चुनाव में सज्जन विधायकों को भी भुगतना पड़ता है इसलिए अपने रिश्तेदार और स्वजातीय लोगों से इन नेताओं को विशेष सावधान रहने की जरूरत है।

## शराब के साथ पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना महेवाघाट पुलिस द्वारा अभियुक्ता माना देवी पत्नी चुतुबा निवासी महेवा उपरहार थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्ता का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त ओम प्रकाश साहू पुत्र शिवदानी निवासी रतगहा थाना चरवा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राजेश भारतीय पुत्र जयसिंह भारतीय निबसी रावतपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त ठुनगू पुत्र अमरनाथ निवासी कसिया पश्चिम थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व रमेश पुत्र बबलू निवासी कौशला थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 09 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# महिला टोली के साथ घर-घर वोट मांग रही डिप्टी सीएम की पत्नी



समर्थकों के साथ चुनाव प्रचार करती डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की पत्नी

अखंड भारत संदेश

**प्रचार के दौरान डिप्टी सीएम की पत्नी को अझुवा नगर के मतदाताओं ने भरोसा दिलाया कि अझुवा नगर का 80% मतदान डिप्टी सीएम के पक्ष में होगा, पूरे प्रदेश में 300 सीटों पर कमल खिलाने के लिए स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल डिप्टी सीएम**

**अझुवा कौशाम्बी।** सिराथू विधानसभा सीट पर उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भाजपा प्रत्याशी है और जन-जन के दिलों में डिप्टी सीएम का नाम समाया हुआ है चुनाव प्रचार में महिला टोली के साथ डिप्टी सीएम की पत्नी भी उतर आई है और घर-घर संपर्क कर वह अपने पति के लिए वोट मांग रही हैं विधान सभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी फुल एक्शन मोड में आ गए है भारतीय जनता पार्टी का पदाधिकारी हो या छोटा बड़ा कार्यकर्ता हो वह घर-घर खेत पहुंचकर योगी और मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान कर रहा है डिप्टी सीएम के प्रचार में लगे लोगों के अनुसार अपार जनसमर्थन मिल रहा है अब कितना समर्थन मिल रहा है यह तो चुनाव परिणाम तय करेगा। डिप्टी सीएम के चुनाव प्रचार में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पत्नी राजकुमारी मौर्य महिला टोली के साथ अझुवा नगर पंचायत में मतदाताओं के घर घर सम्पर्क कर समर्थन मांग रही हैं घर घर दुकानदारों व्यापारियों से मिलकर 27 फरवरी को होने वाले मतदान दिवस को सिराथू विधानसभा प्रत्याशी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को भारी मतों से ऐतिहासिक विजई बनाने के लिए प्रचार कर रही हैं आज शनिवार को डिप्टी सीएम की पत्नी द्वारा अझुवा के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क किया गया है उनके साथ जनसंपर्क अभियान में मंगल प्रसाद मौर्य प्रशांत केसरवानी सौरभ केसरवानी वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश कुशवाहा आकाश मौर्य अनिल कुमार निर्मल मोनी कुशवाहा सत्येन्द्र कुशवाहा शिव प्रताप मौर्य गुड्डू दराना केसरवानी पंडित बीज वाले नरसिंह यादव शीलू विश्वकर्मा बड़ेलाल केसरवानी राजू केसरवानी आदि लोगों ने बाजार में प्रतिष्ठित आम जनमानस दुकानदार व्यापारियों से मिलकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की है प्रचार के दौरान डिप्टी सीएम की पत्नी को अझुवा नगर के मतदाताओं ने भरोसा दिलाया है कि अझुवा नगर का 80% मतदान डिप्टी सीएम के पक्ष में होगा।

# बिना उपयोग में खंडहर में तब्दील हुआ सामुदायिक शौचालय

अखंड भारत संदेश

**निर्माण के समय धांधली किए जाने की शिकायत किए जाने के बाद भी अधिकारियों ने की थी अनदेखी**

**कौशाम्बी।** नेवादा विकासखंड के खपरा खंदेवरा गांव के मजरा भिखारी का पूरा का सामुदायिक शौचालय बिना उपयोग किए ही खंडहर में तब्दील हो चुका है यह सामुदायिक शौचालय उपयोग लायक नहीं है सामुदायिक शौचालय के निर्माण के समय ग्रामीणों ने मामले की शिकायत अधिकारियों से की थी लेकिन ग्रामीणों की शिकायत को अनदेखी कर अधिकारियों ने शौचालय निर्माण की रकम अवमुक्त कर दी जिससे ग्राम पंचायत के साथ-साथ अधिकारियों के भी भ्रष्टाचार में संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। सामुदायिक शौचालय के खंडहर में तब्दील होने के बाद ग्रामीणों ने इसकी शिकायत ग्राम प्रधान से की किंतु ग्राम प्रधान ने लोगों की बात अनसुने में डाल दिया दो महीने बाद गांव के लोगों ने ग्राम पंचायत अधिकारी से शिकायत कर खंडहर में तब्दील सामुदायिक शौचालय के मरम्मत एवं निर्माण की मांग की पंचायत सचिव ने भी उसी तरह लोगों की समस्या सुनी लेकिन अनसुने में डाल दिया ग्राम सभा के कई लोग इकट्ठे होकर ग्राम विकास अधिकारी से बात की किंतु आश्वासन दे दिया गया आज तक उसको कोई देखने नहीं आया ग्राम सभा के रमेश चंद मुकेश कुमार संतलाल दिनेश छविनाथ गब्बर सिंह सहित दर्जनों लोगों ने मामले में अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उच्च स्तरीय जांच कराकर सामुदायिक शौचालय के निर्माण में धांधली करने वाले दोषियों पर मुकदमा दर्ज कराते हुए सामुदायिक भवन के निर्माण में धांधली की रकम वसूली कराए जाने की मांग की है।





खंडहर में तब्दील सामुदायिक शौचालय भवन का दृश्य

## जुआ खेलते चार अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सैनी पुलिस द्वारा चार अभियुक्तों अजय कुमार मौर्य पुत्र हरिश्चन्द्र मौर्य निवासी मस्जिद पर थाना कड़ाधाम बडेलाल पुत्र मक्खनलाल बजरंगी पुत्र शारदा प्रसाद व गिरधारीलाल पुत्र राम खेलावन निवासीगण केशारी थाना सैनी को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 2510 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 2540 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मझनपुर पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त जितेन्द्र पुत्र राजकुमार निवासी हटवा रामपुर महूकी थाना मंझनपुर को अभियुक्त के घर के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पक्षात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## जनसत्ता पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में एक जुट होते नजर आने लगे वैश्य मतदाता

**भरवारी कौशाम्बी।** विधानसभा चुनाव में चायल क्षेत्र से वैश्य समुदाय के प्रत्याशी की घोषणा ना होने से क्षेत्र के वैश्य मतदाताओं का मन निराश हो गया है भाजपा विधायक संजय गुप्ता का टिकट कटना भाजपा के लिए अभिश्राप बनकर साबित हो रहा है मौके का फायदा जनसत्ता दल ने उठाया और वैश्य समुदाय के अनिल कुमार को प्रत्याशी घोषित कर दिया वही संजय गुप्ता का टिकट काटने से लोग अपने आपको आसहाय समझ रहे थे लेकिन जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने आगामी विधानसभा चायल के चुनाव में मजबूत व व्यवहारी वैश्य बिरादरी के अनिल कुमार केशरवानी को टिकट देकर चायल के मतदाताओं को अपनी ओर खींचने का प्रयास किया है वैश्य नेताओं ने कहा कि उनकी बिरादरी को जनसत्ता दल ने प्रत्याशी घोषित किया है यह बहुत ही सराहनीय कदम उठाया गया है 'अनिल कुमार केशरवानी को मैदान में उतार कर जनसत्ता दल ने मायूश वैश्य बिरादरी को खुशकर संजीवनी बूटी का कार्य किया है जिससे लोगो मे खुशी ब्याप्त है चायल विधानसभा क्षेत्र में वैश्य बिरादरी के 58 हजार मतदाता है जो अपने आपमे एक महत्वपूर्ण माना जाता है और हमेशा निर्णायक की भूमिका में रहे हैं वैश्य मतदाताओं ने जिस पार्टी का समर्थन किया है उसके प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हुई है जनसत्ता दल से अनिल केशरवानी के चुनाव मैदान में आने से चायल का चुनाव बहुत ही दिलचस्प हो गया है वही इस प्रत्याशी के चुनाव मैदान में आने से राजनीति पार्टी के नेताओ की नींद उड़ा दी है वही भाजपा पार्टी के नाराज लोगो मे जबरदस्त खुशी का माहौल होने की वजह से सभी वैश्य एक जुट होकर वैश्य बिरादरी के पक्ष में वोट करने का निर्णय कर रहे है स्लोगन के साथ कहा कि वैश्य बिरादरी सब पर भारी के साथ एक जश्न का माहौल है वैश्य समुदाय के लोगों को भाजपा सपा से प्रत्याशी न बनाए जाने से आक्रोशित वैश्य समाज के मतदाताओं ने यदि राष्ट्रीय राजनीतिक दल सपा भाजपा का खुलकर विरोध कर दिया तो धुरंधर नेताओं को भी चुनाव में अपनी मयार्दा बचाना कठिन हो जाएगा बाल किशन केशरवानी बीरेंद्र चाचा अतिन केशरवानी सुरेश चंद्र केशरवानी अमित केशवानी उपांशु केशरवानी राकेश अरोड़ा पल्लो केशरवानी बिक्कू केशरवानी बब्बू अग्रवाल सक्षम सक्सेना विवेक शर्मा दिनेश सिंह आर पी सिंह चौहान सतेंद्र सिंह आदि लोगो ने वैश्य समुदाय के प्रत्याशी घोषित होने पर प्रसन्नता ब्यक्त किया।

## संपादक की कलम से

# ज्ञान की देवी की पूजा का पर्व है बसंत पंचमी

**माघ** माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी ह्यबसंत पंचमीह्व के रूप में देशभर में धूमधाम से मनाई जाती रही है। माना जाता है कि यह दिन बसंत ऋतु के आगमन का सूचक है। शरद ऋतु की विदाई और बसंत के आगमन के साथ समस्त प्राणीजगत में नवजीवन एवं नवचेतना का संचार होता है। वातावरण में चहुं ओर मादकता का संचार होने लगता है। प्रकृति के सौंदर्य में निखार आने लगता है। शरद ऋतु में वृक्षों के पुराने पत्ते सूखकर झड़ जाते हैं, लेकिन बसंत की शुरूआत के साथ ही पेड़-पौधों पर नयी कोंपलें फूटने लगती हैं। चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिल जाते हैं, धरती का वातावरण महकने लगता है। बसंत पंचमी के ही दिन होली का उत्सव भी आरंभ हो जाता है और इस दिन पहली बार गुलाल उड़ाया जाता है। साहित्य और संगीत प्रेमियों के लिए तो बसंत पंचमी का विशेष महत्व है, क्योंकि यह ज्ञान और वाणी की देवी सरस्वती की पूजा का पवित्र पर्व माना गया है। बच्चों को इस दिन से बोलना या लिखना सिखाना शुभ माना गया है। संगीतकार इस दिन अपने वाद्य यंत्रों की पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन विद्या और बुद्धि की देवी मां सरस्वती अपने हाथों में वीणा, पुस्तक व माला लिए अवतरित हुईं थी। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में इस दिन लोग विद्या, बुद्धि और वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की पूजा-आराधना करके अपने जीवन से अज्ञानता के अंधकार को दूर करने की कामना करते हैं। कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने बसंत पंचमी के दिन ही प्रथम बार देवी सरस्वती की आराधना की थी और कहा था कि अब से प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा होगी और इस दिन को मां सरस्वती के आराधना पर्व के रूप में मनाया जाएगा। प्राचीन काल में बसंत पंचमी को प्रेम के प्रतीक पर्व के रूप में ह्यवसंतोत्सवह्ण, ह्यमदनोत्सवह्ण, ह्यकामोत्सवह्ण अथवा ह्यकामदेव पर्वह्ण के रूप में मनाए जाने का भी उल्लेख मिलता है।

# सरस्वती पूजा का पर्व है बसन्त पंचमी

-रमेश सर्राफ धमोरा-

**बसन्त** उत्तर भारत तथा समीपवर्ती देशों की छह ऋतुओं में से एक ऋतु है। जो फरवरी मार्च और अप्रैल के मध्य इस क्षेत्र में अपना सौंदर्य बिखेरती है। माना गया है कि माघ महीने की शुक्ल पंचमी से बसन्त ऋतु का आरंभ होता है। फाल्गुन और चैत्र मास बसन्त ऋतु के माने गए हैं। फाल्गुन वर्ष का अंतिम मास है और चैत्र पहला। इस प्रकार हिंदू पंचांग के वर्ष का अंत और प्रारंभ बसन्त में ही होता है। इस ऋतु के आने पर सर्दी कम हो जाती है। मौसम सुहावना हो जाता है। पेड़ों में नए पत्ते आने लगते हैं। खेत सरसों के फूलों से भरे पीले दिखाई देते हैं। अतः राग रंग और उत्सव मनाने के लिए यह ऋतु सर्वश्रेष्ठ मानी गई है।

बसन्त पंचमी का दिन सरस्वती जी की साधना को अर्पित ज्ञान का त्योहार है। इस दिन पूरे देश में विद्या की देवी माँ सरस्वती की बड़े उल्लास के साथ पूजा की जाती है। इस दिन स्त्रियां पीले वस्त्र धारण करती हैं। शास्त्रों में भगवती सरस्वती की आराधना व्यक्तिगत रूप में करने का विधान है। किंतु आजकल सार्वजनिक पूजा-पाण्डालों में देवी सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर पूजा करने का रिवाज चल पड़ा है।

बसन्त पंचमी के पर्व से ही बसंत ऋतु का आगमन होता है। शांत, ठंडी, मंद वायु, कटु शीत का स्थान ले लेती है तथा सब को नवप्राण व उत्साह से स्पर्श करती है। बसन्त ऋतु तथा पंचमी का अर्थ है शुक्ल पक्ष का




पांचवां दिन। अंग्रेजी कलेंडर के अनुसार यह पर्व जनवरी-फरवरी तथा हिन्दू तिथि के अनुसार माघ के महीने में मनाया जाता है। भारत में पतझड़ ऋतु के बाद बसन्त ऋतु का आगमन होता है। हर तरफ रंग-बिरंगें फूल खिले दिखाई देते हैं। इस समय गेहूं की बालियां भी पक कर लहराने लगती हैं। जिन्हें देखकर किसान हर्षित होते हैं। चारों ओर सुहाना मौसम मन को प्रसन्नता से भर देता है। इसीलिये वसन्त ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा अर्थात ऋतुराज कहा गया है। इस दिन भगवान विष्णु, कामदेव तथा रति की पूजा की जाती है। इस दिन ब्रह्माण्ड के रचयिता ब्रह्मा जी ने सरस्वती जी की रचना की थी। इसलिए इस दिन देवी सरस्वती की पूजा भी की जाती है।

बसन्त पंचमी का दिन भारतीय मौसम विज्ञान के अनुसार समशीतोष्ण वातावरण के प्रारंभ होने का संकेत है। मकर सक्रांति पर सूर्य के उत्तरायण प्रस्थान के बाद शरद ऋतु की समाप्ति होती है। हालांकि विश्व में बदलते मौसम ने मौसम चक्र को बिगाड़ दिया है। पर सूर्य के अनुसार होने वाले परिवर्तनों का उस पर कोई प्रभाव नहीं है। हमारी संस्कृति के अनुसार पर्वों का विभाजन मौसम के अनुसार ही होता है। इन पर्वो पर मन में उत्पन्न होने वाला उत्साह स्वप्रेरित होता है। सर्दी के बाद गर्मी और उसके बाद बरसात फिर सर्दी का बदलता क्रम देह में बदलाव के साथ ही प्रसन्नता प्रदान करता है।

ग्रंथों के अनुसार देवी सरस्वती विद्या, बुद्धि और ज्ञान की देवी हैं। अमित तेजस्विनी व अनंत गुणशालिनी देवी सरस्वती की पूजा-आराधना के लिए माघमास की पंचमी तिथि निर्धारित की गयी है। बसन्त पंचमी को इनका आविर्भाव दिवस माना जाता है। ऋग्वेद में सरस्वती देवी के असीम प्रभाव व महिमा का वर्णन है। मां सरस्वती विद्या व ज्ञान की अधिष्ठात्री हैं। कहते हैं जिनकी जिव्हा पर सरस्वती देवी का वास होता है। वे अत्यंत ही विद्वान व कुशाग्र बुद्धि होते हैं। सभी शुभ कार्यों के लिए बसन्त पंचमी के दिन अत्यंत शुभ मुहूर्त माना गया है। बसन्त पंचमी को अत्यंत शुभ मुहूर्त मानने के पीछे अनेक कारण हैं। यह पर्व अधिकतर माघ मास में ही पड़ता है। माघ मास का भी धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। इस माह में पवित्र तीर्थों में स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। दूसरे इस समय सूर्यदेव भी उत्तरायण होते हैं। इसलिए प्राचीन काल से बसन्त पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है अथवा कह सकते हैं कि इस दिन को सरस्वती के जन्म दिवस के रुप में मनाया जाता है।

चूंकि बसन्त पंचमी का पर्व इतने शुभ समय में पड़ता है। अतः इस पर्व का स्वतः ही आध्यात्मिक, धार्मिक, वैदिक आदि सभी दृष्टियों से अति विशिष्ट महत्व परिलक्षित होता है। प्राचीन कथाओं के अनुसार ब्रह्मा जी ने विष्णु जी के कहने पर सृष्टि की रचना की थी। एक दिन वह अपनी बनाई हुई सृष्टि को देखने के लिए धरती पर भ्रमण करने के लिए आए। ब्रह्मा जी को अपनी बनाई सृष्टि में कुछ कमी का अहसास हो रहा था। लेकिन वह समझ नहीं पा रहे थे कि किस बात की कमी है। उन्हें पशु-पक्षी, मनुष्य तथा पेड़-पौधे सभी चुप दिखाई दे रहे थे। तब उन्हें आभास हुआ कि क्या कमी है। वह सोचने लगे कि एसा क्या किया जाए कि सभी बोले और खुशी में झूमे। ऐसा विचार करते हुए ब्रह्मा जी ने अपने कमण्डल से जल लेकर कमल पुष्पों तथा धरती पर छिडका। जल छिडकने के बाद श्वेत वस्त्र धारण किए हुए एक देवी प्रकट हुई। इस देवी के चार हाथ थे। एक हाथ में वीणा, दूसरे हाथ में कमल, तीसरे हाथ में माला तथा चतुर्थ हाथ में पुस्तक थी।

ब्रह्मा जी ने देवी को वरदान दिया कि तुम सभी प्राणियों के कण्ठ में निवास करोगी। सभी के अंदर चेतना भरोगी, जिस भी प्राणी में तुम्हारा वास होगा वह अपनी विद्वता के बल पर समाज में पूज्यनीय होगा। ब्रह्मा जी ने कहा कि तुम्हें संसार में देवी सरस्वती के नाम से जाना जाएगा। ब्रह्मा जी ने देवी सरस्वती को वरदान देते हुए कहा कि तुम्हारे द्वारा समाज का कल्याण होगा इसलिए समाज में रहने वाले लोग तुम्हारा पूजन करेगें।

कडकड़ाती ठंड के बाद बसंत ऋतु में प्रकृति की छटा देखते ही बनती है। पलाश के लाल फूल, आम के पेड़ों पर आए बौर, हरियाली और गुलाबी ठंड मौसम को सुहाना बना देती है। यह ऋतु सेहत की दृष्टि से भी बहुत अच्छी मानी जाती है। मनुष्यों के साथ पशु-पक्षियों में नई चेतना का संचार होता है।

# बजटः 48 हजार करोड़ खर्च कर 80 लाख इको फ्रेंडली घर बने तो कैसा रहे

-आर.के. सिन्हा-

**अगर** किसी शख्स या परिवार की माली हालत ठोस नहीं है तो इसका यह मतलब कतई नहीं कि उसका अपनी छत का सपना नहीं होता। हरेक इंसान की चाहत होती है कि उसे अपनी जिंदगी रहते अपने घर में रहने का सुख मिल जाए। इस सोच को साकार करने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साल 2022-23 के केन्द्रीय बजट में 48 हजार करोड़ रुपए का एक भारी भरकम प्रस्ताव रखा है। इस रकम से देश में 80 लाख घर बनाने का संकल्प लिया गया है। यह वास्तव में बहुत सकारात्मक और गरीब कल्याणकारी फैसला है। इस कदम से सरकार की मंशा भी जाहिर हो जाती है कि वह उन लोगों के बारे में गंभीरता से विचार करती हैं जिनकी आय सीमित है और जो अपना कमान बनाने में सक्षम नहीं हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि चालू वित्तीय साल के दौरान 80 लाख घर बनने से कम से कम तीन-चार करोड़ लोग अपने घरों में शिफ्ट भी कर लेंगे। एक परिवार में पांच-छह सदस्य तो होते ही हैं। किराए के घ? से अपने घर में शिफ्ट करने का सुख उससे पूछिए जो कभी किराए के घर में रहा हो और उसने अपने मकान मालिक के लगातार ताने सुने हों। दरअसल बजट में 48 हजार करोड़ रुपए की राशि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए रखी गई है। इसके तहत ही 80 लाख किफायती घर बनाए जाएंगे। गरीबों को मकान देने की योजना के तहत सरकार ने आवास योजना को विस्तार देने का फैसला किया है। सरकार ने किफायती आवास योजना के लिए राज्य सरकारों के साथ काम करने का फैसला किया है, ताकि इस योजना के लिए भूमि अधिग्रहण और निर्माण संबंधी मंजूरी मिलने के लिए लगने वाले समय को कम किया जा सके। मध्यस्थता लागत में कमी लाने और आसानी से पूंजी जुटाने के लिए सरकार ने वित्तीय क्षेत्र के नियामकों के साथ काम करने का फैसला किया है। देखिए, हमारे यहां सरकारें किसी बड़ी परियोजना के लिए धन की व्यवस्था कर देती हैं पर देखने में आता है कि उस धन का एक बड़ा हिस्सा कुछ भ्रष्ट लोग चट कर जाते हैं। इसलिए योजना का लाभ उस व्यक्ति को कई बार नहीं मिल पाता जिसे मिलना चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। केन्द्र और राज्य सरकारों के संबंधित विभागों को सुनिश्चित करना होगा कि 48 हजार करोड़ रुपए से स्तरीय घरों का निर्माण हो जाए। जाहिर है, इतने अधिक घरों के निर्माण के लिए भूमि की व्यवस्था करना बड़ी चुनौती होगी। इसके लिए जरूरी है कि घरों का निर्माण करने के लिए जमीनें वहां पर अधिग्रहीत की जाएं जो किसी शहर से बहुत दूर नहीं हैं, जहाँ गरीबों के रोजगार के साधन हैं। फिर वहां पर घरों का निर्माण करने के दौरान ही सुगम सार्वजनिक यातायात की व्यवस्था भी करनी होगी जिससे कि जो लोग घर खरीदें उन्हें अपने दफ्तर, फैक्ट्री या दुकान तक आने-जाने में किसी तरह की कोई दिक्कत ना हो। इसके अलावा वहां स्कूल, अस्पताल, बाजार आदि की भी बढ़िया व्यवस्था करनी होगी। जिन घरों का निर्माण ग्रामीण इलाकों में होना है, वहां पर भी स्तरीय घर बनने चाहिए।

दरअसल, किसी परियोजना पर काम करते वक्त इन सभी पहलुओं को बारीकी से देखना होगा। कोई भी काम गंभीरता से किया जाना चाहिए। तब ही उसका उचित लाभ होगा। हां, यह तो सरकार को देखना होगा कि जो बिल्डर सस्ते घर बनाने के लिए आगे आएं उन्हें टैक्स में भरपूर छूट मिले। केरल, हिमाचल प्रदेश और गोवा में ईको फ्रेंडली घरों का खूब निर्माण हो रहा है। ये सामान्य घरों की तुलना में तकरीबन आधी कीमत पर ही बन जाते हैं। इन घरों को मॉडल के तौर पर पेश किया जा सकता है। इसलिए उन आर्किटेक्ट की भी तलाश की जाए जो सस्ते और सुंदर घर बनाने के डिजाइन बनाने में अपने को सिद्ध कर चुके हैं। बहुत से आर्किटेक्ट कहते हैं कि इको फ्रेंडली मैटेरियल इस्तेमाल करने से घर सस्ते बन सकते हैं और उनमें मेंटेनेंस की जरूरत भी कम पड़ेगी। उपर्युक्त सभी राज्यों में इको-फ्रेंडली होम मैटेरियल से खूब घर बन रहे हैं। तो पूरे देशभर में सस्ते इको फ्रेंडली घर बनाने के बारे में सोचना होगा। गोल्फ कोर्स फेसिंग या रीवर फेसिंग घरों के मोह को त्याग कर सस्ते सुंदर घर बनाने के बारे में सोचना होगा। हमारे यहां आर्किटेक्ट बिरादरी को भी रचनात्मक रवैया अपनाना होगा, जिससे हम परंपरागत घरों के निर्माण से आगे के बारे में भी सोचें। भारत में सैकड़ों आर्किटेक्चर की डिग्री देने वाले कॉलेज खुल चुके हैं। इनसे हर साल हजारों नए आर्किटेक्ट हर साल पास आउट करते हैं। पर क्या कोई कॉलेज इको-फ्रेंडली घर बनाने की भी पढ़ाई करवा रहा है? लगता तो नहीं है। अगर इस बार प्रस्तावित 80 लाख घरों का निर्माण नई तकनीक से हो जाए तो ये देश के लिए एक नजीर बन जाएगी। समझ नहीं आता कि हमारे सारे समाज में तड़क- भड़क वाले घर बनाने की होड़ क्यों मची हुई है। बड़े घर तो बन रहे हैं पर उनमें कुछ किताबों के लिए स्पेस तक नहीं होता।

बहरहाल, सरकार को आगामी सालों में भी सस्ते घरों के निर्माण पर अपना फोकस बनाए रखना होगा। देश में करोड़पतियों और मोटा कमाने वालों की तादाद बढ़ती जा रही है। ये सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। समाज का यह तबका कहीं भी अपने मन का घर ले सकता है। उसके पास पैसा है। लेकिन, सरकारों को उनका भी ख्याल रखना होगा जिनकी कमाई सीमित है।

# मालदीवः भारत विरोधी अभियान

-डॉ. वेदप्रताप वैदिक-

**हम** भारतीयों को यह जानकर बहुत आश्चर्य होगा कि हमारे पड़ोसी देश मालदीव में आजकल एक जबर्दस्त अभियान चल रहा है, जिसका नाम है- 'भारत भगाओ अभियान'! भारत-विरोधी अभियान कभी-कभी नेपाल और श्रीलंका में भी चलते रहे हैं लेकिन इस तरह के जहरीले अभियान की बात किसी पड़ोसी देश में पहली बार सुनने में आई है। इसका कारण क्या है, यह जानने के लिए हमें मालदीव की अंदरूनी राजनीति को जरा खंगालना होगा। यह अभियान चला रहे हैं, पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन, जो लगभग डेढ़ माह पहले ही जेल से छूटे हैं। उन्हें रिश्वतखोरी और सरकारी लूटपाट के अपराध में सजा हुई थी। उन्होंने सत्तारूढ़ मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी के खिलाफ जन-अभियान छेड़ दिया है। यह अभियान इसलिए भारत-विरोधी बन गया है कि 'माडेपा' के दो नेताओं राष्ट्रपति मोहम्मद सालेह और पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद को कट्टर भारत-समर्थक माना जाता है। यामीन को अपना गुस्सा नशीद और सालेह पर उतारना है तो उन्हें भारत को ही मालदीव का दुश्मन घोषित करना जरूरी है। यामीन का यह भारत-विरोधी अभियान इतनी रफ्तार पकड़ता जा रहा है कि सत्तारूढ़ 'माडेपा' अब संसद से ऐसा कानून पास करवाना चाह रही है, जिसके तहत उन लोगों को छह माह की जेल और 20 हजार रु. जुमार्ना भरना पड़ेगा, जो मालदीव पर यह आरोप लगाएंगे कि वह किसी विदेशी राष्ट्र के नियंत्रण में चला गया है। इसे वह राष्ट्रीय अपमान कहकर संबोधित कर रहे हैं। यह कानून आसानी से पास हो सकता है, क्योंकि संसद में सत्तारूढ़ दल के पास प्रचंड बहुमत है। यामीन की प्रोग्रेसिव पार्टी में कोई दम नहीं है कि वह सत्तारूढ़ पार्टी को संसद में नीचा दिखा सके लेकिन



मालदीव की जनता में उसकी लोकप्रियता बढ़ती चली जा रही है। उसके कई कारण हैं। पहला कारण तो यही है कि सत्तारूढ़ 'माडेपा' में अंदरूनी खींचतान चरमोत्कर्ष पर है। राष्ट्रपति सालेह और संसद-अध्यक्ष नशीद में चिक-चिक की खबरें रोज मालदीव की जनता को हैरत में डाल रही हैं। नशीद वास्तव में खुद जनाधार वाले नेता हैं। वे संविधान में परिवर्तन करके अपने लिए प्रधानमंत्री का पद पैदा करना चाहते हैं। सालेह और नशीद के मतभेद अन्य कई मुद्दों पर भी खुलेआम सबके सामने आ रहे हैं। इसका कुप्रभाव प्रशासन पर हो रहा है। सरकार पर से जनता का विश्वास घटता जा रहा है। दूसरा, मंहगाई और कोरोना बीमारी ने मालदीव की अर्थ-व्यवस्था को लगभग चौपट कर दिया है। तीसरा, यद्यपि भारत पूरी मदद कर रहा है लेकिन यामीन-राज में चीन ने जिस तरह से अपनी तिजोरियां खोलकर मालदीव के नेताओं की जेबें भर दी थीं और उन्हें अपनी जेब में डाल लिया था, वैसा नहीं होने के कारण वर्तमान नेतृत्व काफी सांसत में है। चौथा, सालेह-नशीद सरकार पर उसके विरोधी यह आरोप भी जड़ रहे हैं कि उसने भारत से सामरिक सहयोग करने के बहाने मालदीव की संप्रभुता को भारत के हाथ गिरवी रख दिया है। मालदीव में सक्रिय भारतीय नागरिकों को आजकल कई नई मुसीबतों का सामना करना पड़ा है।

# खेल मैदानों को पार्किंग-हेलिपैड मत बनाओ

-भूपिंद्र सिंह-

**हमारे** प्रदेश का अधिकांश भू-भाग पहाड़ी होने के कारण खेल मैदानों के लिए बहुत मुश्किल से लंबी-चौड़ी जगह मिल पाती है। इसलिए हिमाचल प्रदेश के शिक्षा संस्थानों के पास बहुत कम खेल मैदान हैं और जहां हैं भी उन्हें कभी भवन तो कभी पार्किंग बना कर यूं ही बरबाद किया जा रहा है। अब तो हद ही हो गई है जब बिलासपुर जिले के घुमारवीं उपमंडल के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हटवाड़ के खेल मैदान को हेलिपैड में तब्दील कर दिया गया है। हिमाचल प्रदेश के अधिकतर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के मैदानों में विज्ञान के लिए प्रयोगशाला भवन तो कभी किसी और के लिए भवन बना कर खत्म कर दिया जा रहा है। मंडी जिला के धर्मपुर उपमंडल के टिहरा क्षेत्र में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिहरा के खेल मैदान में विज्ञान के लिए प्रयोगशाला भवन बनाया जा रहा है। पूर्व छात्र संघ व वहां की चार पंचायतों के लोग इसका विरोध करते रहे, मगर कोई सुनने को तैयार नहीं हुआ। यह पूरा क्षेत्र अवाहदेवी से लेकर गद्दीधार तक रिज पर बसा है। चलने के लिए सड़क है, वही खेल मैदान व पार्क का काम करती है। इस क्षेत्र में वालीबॉल व कबड्डी की प्ले फील्ड होना भी बड़ी बात है। यहां पर पहले ढगवाणी विद्यालय के मैदान में जल शक्ति विभाग ने पंपहाऊस बना दिया और अब टिहरा विद्यालय के मैदान में विज्ञान प्रयोगशाला। यह अलग बात है कि वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमलाह के खेल मैदान को बनाने के लिए हाल ही में पचास लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार इस विषय पर ध्यान दे ताकि भविष्य के नागरिकों को शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य भी मिल सके।। इस कॉलम के माध्यम से पहले भी इस बात को सरकार के ध्यान में लाया जा चुका है। एक समय था जब विद्यार्थी सवेरे-शाम अपने अभिभावकों के साथ कृषि कार्य में हाथ बंटाता था, फिर कई किलोमीटर चल कर विद्यालय पहुंचता था। उस समय किसी भी फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत नहीं थी, मगर आज जब पढ़ाई के लिए घर का काम बंद है, पैदल चलने का रिवाज ही नहीं है तथा खेल के नाम पर मोबाइल व कम्प्यूटर हैं तो फिर फिटनेस के लिए खेल मैदान तो अनिवार्य हो जाता है, नहीं तो फिर हमारी संतानें कहीं नशे के दलदल में फंस जाएंगी। उस उच्च शिक्षा का क्या अर्थ रह जाता है जिससे आप प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, अभियंता, चिकित्सक, प्रबंधक तो बन जाते हैं मगर आप स्वस्थ रह कर साठ वर्षों तक देश व प्रदेश की सेवा नहीं कर पा रहे हैं। अब तो लोग तीस-चालीस साल की उम्र में ही जानलेवा बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। इस सबके पीछे जिम्मेदार बिना फिटनेस कार्यक्रम की स्कूली शिक्षा है। शिक्षा का अर्थ मानव का सर्वांगीण मानसिक व शारीरिक विकास है जिससे वह अपने आगामी जीवन की कठिनाइयों पर काबू पाकर खुशहाल जिंदगी जी सके।

# आशंका और उम्मीदों के आईने में बजट

-विक्रम उपाध्याय-

**वर्ष 2022-23** का बजट प्रस्तुत होने के बाद यह स्वाभाविक था कि सत्ता पक्ष इस बजट की तारीफ में कसीदे पढ़ता और विपक्ष इस पर लानत भेजता। यह राजनीतिक रिवायत है। लेकिन कुछ खास लोगों की प्रतिक्रिया और विश्लेषण पर एक ईमानदार समीक्षा जरूरी है। इस बजट में जिन मुद्दों पर तीखी आलोचना हो रही है, उनमें मध्यवर्ग के लिए निराशा, कृषि क्षेत्र के लिए छलावा, गरीबों के लिए कुछ नहीं और युवाओं को नजरअंदाज जैसे मुद्दे हैं। क्या वाकई ऐसा है? सबसे पहले यह विचार करते हैं कि मध्यवर्ग के लिए इस बजट में कुछ है या नहीं। आलोचना इस बात की हो रही है कि मध्यवर्ग को राहत देने के लिए ना तो आयकर की सीमा बढ़ाई गई है, ना घर खरीदने के लिए उठाए गए लोन के ब्याज भुगतान में आयकर की छूट बढ़ाई गई है और ना ही उनकी आमदनी बढ़ाने के कोई प्रावधान ही किए हैं। यानी आलोचकों की नजर में इस बजट में मध्य आय वर्ग को पूरी तरह नजरंदाज कर दिया है, जबकि कोरोना काल में मध्यवर्ग काफी परेशान रहा है। सीधे सपाट यदि बजट भाषण को देखे तो सचमुच लगता है कि अपने सबसे बड़े वोटर वर्ग को भाजपा की केंद्र सरकार ने पूरी तरह निराश किया है। लेकिन अब जरा वास्तविकता पर नजर डालें। भारत की तुलना दुनिया के कुछ बड़े देशों में लागू आयकर की रेट पर डालें तो पाएंगे कि हमारे देश में आज भी इनकम टैक्स की दर बाकी देशों से कम है। ऑस्ट्रेलिया और चीन में आयकर की दर 45 प्रतिशत है तो यूरोप के देश 41 प्रतिशत से अधिक आयकर वसूलते हैं। जापान में आयकर की दर 55 प्रतिशत है। साउथ अफ्रीका, साउथ कोरिया और यूनाइटेड किंगडम में आयकर की दर 45 प्रतिशत है, अमरीका में भी 37 प्रतिशत की दर से आय कर वसूला जाता है। हमारे पड़ोस पाकिस्तान में आय कर की दर 35 प्रतिशत है। भारत में आज भी 15 लाख तक की आय पर अधिकतम 30 प्रतिशत की दर से आय कर देय है। हमको मालूम होना चाहिए कि 2014 के बाद से भारत में आयकर की दर नहीं बढ़ाई गई है, भले ही लोगों की आय बढ़ी हो। यह मांग जायज हो सकती है कि इस कोरोना काल में मध्य आयवर्ग के लोगों की२ बचत बढ़ाने का कोई उपाय किया जाना चाहिए था। इस संबंध में भारत सरकार के प्रिंसिपल इकोनोमिक एडवाइजर सान्याल की बात को ध्यान सुना जाना चाहिए। उनका कहना है कि आयकर में छूट प्रदान करने के बाद सरकार के पास दो ।

# भारत की खोज और सुनील जाखड़ का दर्द

-कुलदीप चंद अग्निहोत्री-

**पिछले** दिनों के दो प्रसंगों पर चर्चा करना प्रासंगिक होगा। पहला प्रसंग है, लोकसभा में राहुल गांधी का विद्वत्तापूर्ण भाषण और दूसरा, पंजाब में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील जाखड़ का चुनाव को लेकर छलका दर्द। सबसे पहले राहुल गांधी के भाषण की बात। लोकसभा में बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत राज्यों का संघ है, भारत एक राष्ट्र नहीं है। भारत को लेकर यह दुविधा नेहरू-गांधी परिवार में नई नहीं है। दुविधा पुरानी है, अलबत्ता इसमें इटली का छौंक लग जाने के कारण यह दुविधा बढ़ गई है। पंडित जवाहर लाल नेहरू भी अपने जमाने में भारत को समझने और पहचानने के प्रयास में लगे हुए थे। इस प्रयास में उन्होंने अंग्रेजी भाषा में एक मोटी किताब ह्यडिस्कवरी आफ इंडियाह्ण भी लिख दी थी। वे भारत को कितना समझ पाए और कितना नहीं समझ पाए, ये तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन वे जिस रास्ते पर चल पड़े थे, उसका निष्कर्ष उन्होंने यह निकाला कि भारत में एक राष्ट्र बनने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नेहरू की एक और दिक्कत थी। वे भारत को अंग्रेजी भाषा के माध्यम से समझने का प्रयास कर रहे थे। अंग्रेजी भाषा में भारत को समझाने के लिए अंग्रेज साम्राज्यवादियों ने कई पाठ्य पुस्तकें लिख दी थीं। इस रास्ते से भारत को समझना मुश्किल था। भारत को भारतीय भाषाओं और भारतीय संस्कारों से ही समझा जा सकता था। लेकिन नेहरू के दुर्भाग्य से भारतीय भाषाएं उनके लिए ग्रीक थीं। अपनी मातृभाषा कश्मीरी तो वे न समझते थे, न बोलते थे। जिस उत्तर प्रदेश में जाकर वे बस गए थे, वहां की भाषा वे बोल तो लेते थे, लेकिन सहजता से लिख-पढ़ नहीं सकते थे। अब इतने अंतराल में कांग्रेस ने भी लंबी यात्रा तय कर ली है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से शुरू हुई यह यात्रा सोनिया कांग्रेस तक पहुंच गई है। जाहिर है अब तो इसके लिए भारत को समझना और भी मुश्किल हो गया है। नेहरू कम से कम इतना तो मानते थे कि भारत राष्ट्र बनने की प्रक्रिया में है, राहुल गांधी तो उससे भी मुनकिर हो रहे हैं। भारत में राज्य और शासन व्यवस्थाएं तो अनेक रहीं लेकिन वह एक राष्ट्र है, इसमें किसी को कभी संशय नहीं रहा। कांग्रेस भारत के एक राष्ट्र होने पर प्रश्नचिन्ह लगाती रही। राष्ट्र के प्रतीकों को नकारती ही नहीं रही बल्कि प्रत्यक्ष-परोक्ष उन्हें नष्ट करने में भागीदार भी बनी रही। यही कारण है कि सोनिया कांग्रेस आज इस मुकाम पर पहुंच गई है। राहुल गांधी को सुन कर तो ऐसा लगता है मानों वह भारत राष्ट्र के खिलाफ कोई जंग लड़ रही हो। इस जंग को तेज करने के लिए ही उसने कन्हैया कुमार जैसे टुकड़े टुकड़े गैंग को पार्टी में भर्ती किया लगता है। उसकी इस लड़ाई में साम्यवादी ताकतें तो साथ दे सकती हैं क्योंकि उनकी लड़ाई भी भारतीय राष्ट्रीयता के खिलाफ ही है, लेकिन भारत का आम आदमी उसका साथ नहीं दे सकता। पहले मैं समझता था कि सोनिया कांग्रेस के भीतर जो जी-23 के नाम से विद्रोही ग्रुप पनपा है, वह केवल सत्ता की रेवड़ियों की असंतुलित बांट के कारण पनपा है, लेकिन राहुल गांधी के इस भाषण के बाद मुझे लगता है कि इसमें एक कारण सोनिया कांग्रेस का भारत के प्रति यह दृष्टिकोण भी हो सकता है जिसकी नुमांयदगी राहुल गांधी ने लोकसभा में की। अब बात करते हैं पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील जाखड़ के छलक आए दर्द की। यह सुविदित ही है कि लगभग चार महीना पहले जब पंजाब में सोनिया कांग्रेस अपने ही मुख्यमंत्री को अपदस्थ करने के षड्यंत्र में लगी हुई थी तो नया मुख्यमंत्री कौन हो, इस पर भी उत्तेजित बहस हो रही थी। तब सोनिया कांग्रेस की एक तथाकथित वरिष्ठ नेत्री, जो पंजाब से ही है, अम्बिका सोनी ने स्पष्ट कर दिया कि पंजाब का मुख्यमंत्री कोई सिख ही बन सकता है, हिंदू नहीं। जाहिर है वे अपनी राय तो जाहिर नहीं कर रही होंगी, क्योंकि उनकी अपनी राय की पंजाब में कोई कीमत नहीं है। वे जमीनी नेत्री नहीं हैं। वे यह घोषणा कांग्रेस की ओर से ही कर रही होंगी। उस समय सोनिया कांग्रेस ने अपने दल के 79 विधायकों से पूछा था कि मुख्यमंत्री किसको बनाया जाए? परसों अबोहर में सुनील जाखड़ ने सार्वजनिक रूप से खुलासा कर दिया ।

# खेल मंत्रालय ने 14 सदस्यीय कुश्ती दल के विशेष तैयारी शिविर को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** युवा मामले और खेल मंत्रालय ने राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों की तैयारी के लिए रवि दहिया और दीपक पुनिया सहित 14 सदस्यीय कुश्ती दल को 5 से 23 फरवरी तक बुल्गारिया के टेटेवेन में विशेष शिविर के लिए मंजूरी दे दी है। 14 सदस्यीय टीम में चार फ्रीस्टाइल खिलाड़ी, चार ग्रीको रोमन पहलवान, चार साथी खिलाड़ी और दो कोच शामिल हैं।

बुल्गारिया से वापसी पर, सभी राष्ट्रीय शिविर में शामिल होंगे, जो सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में निर्धारित किया जा रहा है। वहीं, लखनऊ के साई सेंटर में राष्ट्रीय शिविर में 48 महिला पहलवान मौजूद रहेंगी। भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा 7 फरवरी से 31 मार्च तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय शिविरों का भी पूरा वित्त पोषण युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने कहा, "हम एशियाई चैंपियनशिप, राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों से पहले पहलवानों के शिविर और विशेष प्रशिक्षण के लिए साई से शीघ्र अनुमोदन की सराहना करते हैं। मंत्रालय और साई



के इस तरह के समर्थन के साथ, हमारे एथलीट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परिणाम देना जारी रख सकते हैं। हमने अच्छी बेंच स्ट्रेंथ सुनिश्चित करने के लिए अपने टैलेंट पूल का विस्तार किया है।"बता दें कि सोनीपत के शिविरमें कुल 14 कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ पहलवानों की मदद करेंगे जबकि लखनऊ में महिला कैंप में 10 कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ होंगे।

बुल्गारिया में विशेष शिविर के लिए भारतीय दल इस प्रकार है-:रवि दहिया, दीपक पुनिया, गौरव बलियान और संदीप सिंह (फ्रीस्टाइल), सुनील कुमार, साजन भनवाल, रवि मलिक और आशु (ग्रीको-रोमन); अरुण, अरुण कुमार, मोनू दहिया और हरदीप (साझेदार)।

## बहरीन और बेलारूस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी भारतीय फुटबॉल टीम

नई दिल्ली। भारतीय सीनियर पुरूष फुटबॉल टीम बहरीन और बेलारूस के खिलाफ क्रमशः 23 और 26 मार्च को दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। दोनों मैच बहरीन के मनामा में खेले जायेंगे। ये मैच राष्ट्रीय टीम के जून में होने वाले 2023 एएफसी एशियाई कप के तीसरे दौर के क्वालीफायर की तैयारियों के लिये हैं। भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कहा, मौजूदा हालात को देखते हुए ऐसी प्रतिद्वंद्वी टीम को ढूंढना मुश्किल है जिसके खिलाफ हम खेलना चाहते हैं। लेकिन मैं बहुत खुश हूं कि हमें कार्यक्रम के अनुसार दो मैच मिल गये। उन्होंने कहा, दोनों बहरीन और बेलारूस हमसे ऊंची रैंकिंग पर हैं।

बहरीन फीफा रैंकिंग में 91वें जबकि बेलारूस 94वीं रैंकिंग पर है। भारत की मौजूदा रैंकिंग 104 है।

## भारत की सुहाना सैनी ने डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर ट्यूनिस चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी सुहाना सैनी ने ट्यूनीशिया की राजधानी में चल रही डब्ल्यूटीटी (विश्व टेबल टेनिस) यूथ कंटेंडर ट्यूनिस 2022 चैंपियनशिप में अंडर -19 लड़कियों के सेमीफाइनल में एलेना जहरिया से हारने के बाद कांस्य पदक अपने नाम किया। हरियाणा की इस खिलाड़ी ने रोमानिया की अपनी प्रतिद्वंद्वी को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें 11-9 9-11 10-12 11-13 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी के पास तीसरे और चौथे गेम में वापसी का मौका था लेकिन अंडर -19 वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद उन्हें कोई मौका नहीं दिया। सुहाना ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में मिस्र की फरीदा बदावी को एकतरफा मुकाबले में 11-9 11-4 11-8 से हराया था।

## स्थानीय खिलाड़ियों ऋषि, प्रज्वल को बेंगलुरु ओपन एटीपी चैलेंजर के लिए वाइल्ड कार्ड मिला

**बेंगलुरू।** कर्नाटक के होनहार खिलाड़ी ऋषि रेड्डी और एसडी प्रज्वल देव को सोमवार से यहां शुरू हो रहे बेंगलुरू ओपन 1 एटीपी चैलेंजर के एकल मुख्य ड्रॉ में शुक्रवार को आखिरी दो वाइल्ड कार्ड दिये गये। कुछ महीने पहले केएसएलटीए कोर्ट में एक लाख रुपये पुरस्कार वाले कर्नाटक ओपन को जीतने वाले ऋषि ने कहा कि वह वाइल्ड कार्ड को हासिल कर रोमांचित है। इस 23 साल के खिलाड़ी ने कहा, मैं अपने खेल पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं और अच्छी जीत के साथ यहां आ रहा हूं। मुझे इस मंच पर बेहतर प्रदर्शन का भरोसा है। अपना पिछला टूनार्मेंट में दिसंबर में दोहा में आयोजित आईटीएफ एम15 में खेलने वाले इस 23 साल के बीबीए के छात्र ने कहा, मैंने टेलीविजन पर कई खिलाड़ियों को देखा है लेकिन कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ खेलने का अनुभव अलग होगा। मैसूर के रहने वाले और रोहन बोपन्ना टेनिस अकादमी में प्रशिक्षण लेने वाले प्रज्वल भी वाइल्ड कार्ड पाकर उत्साहित है। ऋषि के साथ 2019 में हरारे में आईटीएफ का युगल खिताब जीतने वाले 25 साल के इस खिलाड़ी ने कहा, इस तरह के टूनार्मेंट में खेलने का शानदार मौका मिला है। मुझे एक स्थान देने के लिए मैं केएसएलटीए का बहुत आभारी हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं अपनी क्षमता से उनका विश्वास कायम रखूंगा। इस बीच, रविवार से शुरू होने वाले क्वालीफायर के लिए निकी पूनाचा, करण सिंह, आदिल कल्याणपुर और अर्जुन काधे को भी वाइल्ड कार्ड दिए गए। क्वालीफाइंग ड्रॉ में 24 खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें से छह मुख्य दौर में जगह बनायेंगे।

## शीतकालीन ओलंपिक के लिये बीजिंग पहुंचे पुतिन, यूक्रेन विवाद के बीच शि से करेंगे बात

**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति ब्लादीमिर पुतिन शुक्रवार को शीतकालीन ओलंपिक खेलों के उद्घाटन और चीन के राष्ट्रपति शि जिनपिंग से वार्ता के लिये बीजिंग पहुंच गए। यूक्रेन पर रूस के सैन्य हमले की आशंका के बीच चीन ने रूस का समर्थन किया है और ऐसे समय में पुतिन का यह दौरा काफी अहम हो गया है। अमेरिका और ब्रिटेन ने चीन के खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड के कारण इन खेलों का राजनयिक बहिष्कार किया है। पुतिन के यहां पहुंचने की पुष्टि रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए ने की। दोनों नेता निजी लंच के दौरान बात करेंगे। इस वार्ता में दोनों देशों की विदेश नीतियों में तालमेल पर जोर रहेगा। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ द्वारा प्रकाशित पुतिन के लेख में कहा गया है कि रूस और चीन वैश्विक मामलों में और अंतरराष्ट्रीय मामलों को अधिक न्यायसंगत और समावेशी बनाने में महत्वपूर्ण स्थिर भूमिका निभायेंगे। पुतिन ने अमेरिका की अगुवाई में खेलों के राजनयिक बहिष्कार के संदर्भ में कहा कि अपनी आकांक्षाओं के लिये खेलों के राजनीतिकरण के कुछ देशों के प्रयासों की वह निंदा करते हैं।

## 12 फरवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की महिला वनडे सीरीज होगी शुरू

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को कहा कि भारत की महिला टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला अब 12 फरवरी से खेलेगी। अब संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, पांच वनडे की सीरीज का पहला वनडे मूल तारीख से एक दिन बाद 12 फरवरी से शुरू होगा। एनजेडसी ने कहा, एनजेडसी ने भारत महिला टीम और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली सीरीज की तारीखों में बदलाव किया है, जो विशेष रूप से क्वीन्सटाउन में जॉन डेविस ओवल में खेला जाएगा। पहले टी20 की तारीख समान है लेकिन पांच मैचों की वनडे सीरीज के लिए कुछ समायोजन किए गए हैं। पहले वनडे की तारीख में बदलाव का मतलब यह भी है कि दूसरे और तीसरे वनडे की तारीखों में भी बदलाव किया गया है। दूसरा वनडे, जो मूल रूप से 14 फरवरी को होना था, अब 15 फरवरी को होगा, जबकि तीसरा वनडे 16 फरवरी के बजाय 18 फरवरी को खेला जाएगा। 22 और 24 फरवरी के लिए अंतिम दो वनडे मैचों की तारीखें बरकरार रखी गई हैं। सीरीज तीन स्थानों पर खेली जानी थी। नेपियर में मैकलीन पार्क में एकमात्र टी20 और पहले वनडे की मेजबानी करनी थी। इसके बाद नेल्सन में सैक्सटन ओवल द्वारा दूसरे और तीसरे एकदिवसीय मैचों की मेजबानी की जानी है और आखिरी दो वनडे क्वीन्सटाउन में जॉन डेविस ओवल में खेले जाने थे। लेकिन एनजेडसी ने कोरोना महामारी को देखते हुए पूरी सीरीज को क्वीन्सटाउन में स्थानांतरित कर दिया। मिताली राज के नेतृत्व में भारतीय टीम 24 जनवरी को मुंबई से न्यूजीलैंड के लिए रवाना हुई थी और फिलहाल क्राइस्टचर्च में मैनेज्ड आइसोलेशन एंड क्वारंटाइन में है। सीरीज खत्म होने के बाद भारत और न्यूजीलैंड चार मार्च से तीन अप्रैल तक चलने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप की ओर बढ़ेंगे।

# हम इकाई के रूप में खेलना जारी रखते हैं, तो बाकी सभी मैच जीत सकते हैं : आशीष नरवाल

**बेंगलुरु।** प्रो कबड्डी लीग सीजन 8 के मैच में बंगाल वॉरियर्स पर 46-29 की प्रचंड जीत के बाद, हरियाणा स्टीलर्स का सामना शनिवार को जयपुर पिंक पैंथर्स से होगा। रोमांचक मुकाबले से पहले, हरियाणा स्टीलर्स के हरफनमौला खिलाड़ी आशीष नरवाल, जिन्होंने शुक्रवार को 2 रेड पॉइंट और 4 टैकल पॉइंट अर्जित किए, ने कहा, "कोच ने मुझसे कहा था कि जब भी मुझे मौका मिले मुझे एक रेडर पकड़ने की जरूरत है। मैंने इसे लागू किया। टीम एक इकाई के रूप में खेली और सभी संयोजन हमारे लिए कारगर रहे। जीत के बाद हर कोई खुश था क्योंकि यह एक टीम प्रयास था।" आशीष ने आगे जोर देकर कहा कि अगर हरियाणा स्टीलर्स की टीम अच्छी तरह से तैयार इकाई के रूप में खेलना जारी रखती है, तो वे सीजन के बाकी सभी मैच जीत सकती है।



उन्होंने कहा, "यह हमेशा महत्वपूर्ण है कि डिफेंस और अटैक इकाई के रूप में एक साथ काम करें और यही हमने बंगाल वारियर्स के खिलाफ किया और परिणाम सबके सामने हैं। अगर हम इसी तरह खेलना जारी रखते हैं, तो हम आने वाले सभी मैच जीत सकते हैं।" हरियाणा स्टीलर्स ने पिछले कुछ मैचों में कुछ महत्वपूर्ण रक्षात्मक गलतियां की थीं। लेकिन शुक्रवार को बंगाल वॉरियर्स के खिलाफ डिफेंसिव यूनिट ने अच्छा प्रदर्शन किया। यह पूछे जाने पर कि टीम ने त्रुटियों को कैसे सुधारा, आशीष ने ऐसा करने के लिए एक ठोस योजना तैयार करने के लिए मुख्य कोच राकेश कुमार को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, "हमारे कोच ने रक्षात्मक इकाई के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया और हमें पिछले मैचों में की गई गलतियों में सुधार करने के लिए कहा। उन्होंने हमें बताया कि हम मैट पर डबल माइंडेड नहीं हो सकते हैं और अगर हमें लगता है कि एक रेडर को पकड़ने का अवसर है तो हमें इसके लिए जाना चाहिए। हमने इसे लागू किया और यह काम कर गया।" अगले मैच में जयपुर पिंक पैंथर्स का सामना करना कठिन चुनौती होने की उम्मीद है, लेकिन आशीष को भरोसा है कि उनकी टीम मुकाबले के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा, "हम स्वतंत्र रूप से खेलना जारी रखना चाहेंगे। यह हमेशा मुश्किल होता है जब आखिरी मिनट में बदलाव होता है और हमें बैक-टू-बैक गेम खेलना होता है। लेकिन हमने पहले जयपुर का सामना किया है और हम हर चीज के बारे में एक-दूसरे से बात करते रहते हैं। इसलिए, हम जानते हैं कि किन खिलाड़ियों से क्या उम्मीद की जाए। हमें विश्वास है कि हम आज भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।"

## माशजाक ने दूसरी वरीयता प्राप्त मुसेत्ती को टाटा ओपन से बाहर किया

**पुणे।** पोलैंड के कामिल माशजाक ने टाटा ओपन महाराष्ट्र टेनिस में बड़ा उलटफेर करके दूसरी वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेत्ती को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 95वें स्थान पर काबिज कामिल ने दुनिया के 66वें नंबर के खिलाड़ी को 6 . 2, 7 . 6, 6 . 4 से मात दी। शीर्ष वरीयता प्राप्त दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी असलान कारात्सेव पहले ही दूसरे दौर में क्वालीफायर एलियास वायमेर से हारकर बाहर हो गए हैं।

## सीए ने लैंगर के भविष्य पर नहीं लिया कोई फैसला

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया टीम के मुख्य कोच के रूप में जस्टिन लैंगर के भविष्य को लेकर सस्पेंस जारी है। सीईओ निक हॉकले ने कहा कि शुक्रवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) बोर्ड की बैठक में उन पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के हवाले से हॉकले ने कहा, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इस बात की पुष्टि कर सकता है कि आज सीए बोर्ड की बैठक हुई और उस बैठक में मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के अनुबंध के बारे में महत्वपूर्ण चर्चा हुई। अब हम जस्टिन के साथ गोपनीय चर्चा करेंगे और परिणाम जल्द से जल्द घोषित किया जाएगा। बयान पढ़कर सुनाए जाने के बाद, हॉकले ने लैंगर के भविष्य पर मीडिया का कोई जवाब नहीं दिया। लैंगर इस समय मेलबर्न में हैं, लेकिन शनिवार को पर्थ में अपने घर वापस जाने वाले हैं, जिसके बाद वह 14 दिनों के होम क्वारंटाइन से गुजरेंगे। वह उस समय छुट्टी पर रहेंगे, जब ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम 11 फरवरी से सिडनी में शुरू होने वाली पांच मैचों की सीरीज में श्रीलंका से भिड़ेगी। लैंगर की अनुपस्थिति में, एंड्रयू मैकडॉनल्ड्स मुख्य कोच के रूप में कार्य करेंगे। रिपोर्ट में आगे कहा गया, टी 20 विश्व कप और चार महीनों में एशेज का दावा करने वाली टीम की सफलता के बावजूद, लैंगर की कोचिंग शैली पर चिंता बनी हुई है, पिछले अगस्त की बैठकों में लैंगर को लेकर अभी भी उन खिलाड़ियों के दिमाग में ताजा है जिन्होंने बदलाव की गुहार लगाई थी। लैंगर के पूर्व साथी जैसे मैथ्यू हेडन, शेन वार्न, रिकी पोंटिंग, एडम गिलक्रिस्ट और माइकल क्लार्क लैंगर के अनुबंध को बढ़ाने के समर्थन में सामने आए हैं। लेकिन टेस्ट कप्तान पैट कमिंस और सफेद गेंद के कप्तान आरोन फिंच मुख्य कोच के रूप में लैंगर का सार्वजनिक रूप से समर्थन नहीं कर रहे हैं।

## राउंडग्लास अकादमी ने मशहूर टेनिस उपकरण ब्रांड बाबोला के साथ किया करार

**मोहाली।** राउंडग्लास स्पोर्ट्स की प्रमुख स्पोर्ट्स अकादमी, राउंडग्लास टेनिस अकादमी ने दुनिया के सबसे अधिक प्रतिष्ठित और आइकोनिक टेनिस उपकरण ब्रांडों में से एक, बाबोला के साथ तीन साल के करार की घोषणा की है। 1 जनवरी, 2022 से शुरू हुई साझेदारी अकादमी में सभी खिलाड़ियों और कोचों के लिए बाबोला प्रायोजक टेनिस उपकरण मुहैया कराएगी। इस साझेदारी का उद्देश्य भारतीय टेनिस के विकास का समर्थन करना है। साझेदारी के बारे में बात करते हुए, स्टैग इंटरनेशनल (बाबोला इंडिया) के बिजनेस हेड, मयूर वसंत ने कहा, "राउंडग्लास टेनिस अकादमी और बाबोला का साथ में हाथ मिलाने से मुझे काफी खुशी हुई है । भारत में टेनिस को विकसित करने और बढ़ावा देने में सहायता प्रदान करना हमारे प्रमुख लक्ष्यों में से एक है और हमें उम्मीद है कि इस साझेदारी के माध्यम से, हम अकादमी से भविष्य की प्रतिभाओं को खोजने में और उन्हें विकसित करने में मदद कर सकते हैं जो एटीपी और डब्ल्यूटीए सर्किट पर अपनी पहचान बना सेकेंगे।" राउंडग्लास स्पोर्ट्स के मार्केटिंग लीड, हृषिकेश शेंडे ने कहा, ़हम इस बात को ।लेकर काफी उत्साहीत हैं कि दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित टेनिस ब्रांडों में से एक बाबोला हमारे साथ जुड़ रहा है। राउंडग्लास टेनिस अकादमी का लक्ष्य उभरते हुए एथलीटों को विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, कोचिंग और उपकरण प्रदान करना है, और उनकी काबिलियत को निखारने में सहायता करना है ़ बता दें कि 1875 में फ्रांस के ल्यों में स्थापित हुई बाबोला दुनिया की सबसे पुरानी रैकेट स्पोर्ट्स कंपनियों में से एक है। दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ टेनिस खिलाड़ी जैसे राफेल नडाल, डोमिनिक थिएम और जेनिफर ब्रैडी, के साथ-साथ एटीपी और डब्ल्यूटीए के कई शीर्ष खिलाड़ी बाबोला से जुड़े हुए हैं।

## विराट कोहली ने अंडर-19 विश्व कप के लिए भारतीय टीम को दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने शनिवार को भारत की अंडर 19 टीम को विश्व कप के खिताबी मुकाबले के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं हैं।। भारत और इंग्लैंड शनिवार को एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। दोनों ही टीमें टूर्नामेंट में अजेय रही हैं। कोहली ने अपने ट्विटर पर लिखा, "हमारे अंडर -19 लड़कों को विश्व कप फाइनल के लिए शुभकामनाएं।"

# क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने 24 साल में पाकिस्तान के पहले दौरे को मंजूरी दी

**कराची।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने शुक्रवार को 24 साल में पाकिस्तान के अपने पहले दौरे को मंजूरी दे दी, जिसमें दोनों बोर्ड ने सुरक्षा चिंताओं के बीच संशोधित यात्रा कार्यक्रम की घोषणा की। इंग्लैंड के खिलाफ एशेज में 4-0 से जीत के बाद आस्ट्रेलिया की टीम पाकिस्तान में रावलपिंडी, कराची और लाहौर में तीन टेस्ट मैच खेलेगी। इस पूर्ण दौरे के दौरान तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले जायेंगे। दौरे का पहला टेस्ट मैच रावलपिंडी में चार से आठ मार्च तक खेला जाएगा, दूसरा टेस्ट कराची (12 से 16 मार्च) और तीसरा टेस्ट मैच लाहौर (21 से 25 मार्च) में खेला जायेगा। सफेद गेंद के चार मैच 29 मार्च से पांच अप्रैल तक खेले जायेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मुख्य कार्यकारी फैसल हसनैन ने कहा, हमें खुशी है कि क्रिकेट आस्ट्रेलिया बोर्ड ने औपचारिक रूप से अपनी टीम के पांच सप्ताह के दौरे के कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है और पुष्टि की है कि उनके सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध खिलाड़ी 24 वर्षों में पहली बार पाकिस्तान का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा, हम वास्तव में पैट कमिंस और उनके साथी खिलाड़ियों की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं। तीन टेस्ट, तीन एकदिवसीय और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान प्रतिस्पर्धी मुकाबला देखने के लिए तत्पर है। यह दौरा विदेशी टीमों की मेजबानी को लेकर पाकिस्तान के मनोबल को बढ़ायेगा, जो सुरक्षा चिंताओं के कारण न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के दौरा रद्द करने के बाद से मुश्किल समय का सामना कर रहा था। लाहौर में 2009 में श्रीलंकाई टीम की बस पर आतंकवादी हमले के बाद से लगभग एक दशक तक शीर्ष स्तर की किसी भी टीम ने पाकिस्तान का दौरा नहीं किया था। दोनों क्रिकेट बोर्ड इस बात पर भी सहमत हुए हैं कि 27 फरवरी को चार्टर्ड विमान से इस्लामाबाद पहुंचने से पहले आस्ट्रेलिया टेस्ट टीम के सदस्य अपने देश में ही पृथकवास पूरा करेंगे। यहां पहुंचने के बाद होटल कमरे में एक दिन पृथकवास में बिताने के बाद वे पिंडी क्रिकेट स्टेडियम में अभ्यास सत्र आयोजित करेंगे। इसी तरह एकदिवसीय टीम के सदस्यों के आस्ट्रेलिया में पृथकवास पूरा करने के बाद 24 मार्च को लाहौर पहुंचने की उम्मीद है।

टेस्ट श्रृंखला आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होगा जबकि एकदिवसीय श्रृंखला विश्व कप सुपर लीग के तहत खेली जायेंगी।

## अंडर -19 सीडब्ल्यूसी: कासिम अकरम ने रचा इतिहास, पाकिस्तान ने श्रीलंका को हराया

**एंटीगुआ।** कप्तान कासिम अकरम (135 नाबाद) और (5/37) की शानदार प्रदर्शन के कारण यहां विवियन रिचर्डस स्टेडियम में शुक्रवार को आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2022 में पांचवें स्थान के प्लेऑफ में पाकिस्तान ने श्रीलंका को 238 रनों से करारी शिकस्त दी।

19 वर्षीय अकरम ने नाबाद 80 गेंदों में 135 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को 365/3 का शानदार स्कोर बनाने में मदद की, जिसमें सलामी बल्लेबाज हसीबुल्लाह खान ने भी 136 रन बनाए। ऑफ स्पिन गेंदबाज अकरम की आंधी में पूरी श्रीलंका का सफाया हो गया, जिससे विरोधी टीम पर पाकिस्तान ने बड़ी जीत दर्ज की।

अकरम के कारनामों ने उन्हें आईसीसी अंडर -19 विश्व कप इतिहास में शतक बनाने और एक ही खेल में पांच विकेट लेने वाले पहला खिलाड़ी बना दिया। सलामी बल्लेबाज हसीबुल्लाह खान और मुहम्मद शहजाद ने 24.1 ओवर में पहले विकेट के लिए 134 रनों की साझेदारी कर पाकिस्तान को अच्छी शुरूआत दी। लेकिन किसी भी श्रीलंकाई गेंदबाज पाकिस्तान पर दबाव बनाने में असफल रहे, क्योंकि शहजाद को 69 गेंदों में 73 रन पर आउट करने के बाद कप्तान अकरम ही क्रीज पर आए, जिन्होंने 80 गेंदों की शानदार पारी खेलते हुए 6 छक्के और 13 चौके लगाए, जिससे आखिरी में नाबाद 135 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

अकरम और खान के बीच के 25.3 ओवरों में 229 रनों साझेदारी हुई, बाद में तीन गेंदों में अपनी खुद की शानदार 136 रनों की पारी के साथ टूनार्मेंट का दूसरा शतक जड़ दिया।

इरफान खान पारी की अंतिम गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए, जिसके कारण पाकिस्तान ने 50 ओवरों में तीन विकेट के नुकसान पर 365 रन बनाए।

## मोहम्मद हसनैन को संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए किया गया निलंबित

**लाहौर।** 21 वर्षीय तेज गेंदबाज मोहम्मद हसनैन संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के कारण निलंबित हो गए हैं। अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने उनके लिए एक गेंदबाजी सलाहकार नियुक्त किया है, जो उनके एक्शन में सुधार करने में मदद करेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के स्वतंत्र विशेषज्ञ ने उनकी गेंदबाजी एक्शन में गड़बड़ी पाई थी।

हसनैन को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने से तब तक निलंबित रखा जाएगा, जब तक कि वह अपनी गेंदबाजी एक्शन में सुधार नहीं कर लेते।

# बेंगलुरु ओपन में ऋषि और प्रज्वल को मिली वाइल्डकार्ड एंट्री

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के होनहार टेनिस खिलाड़ी ऋषि रेड्डी और एसडी प्रज्वल देव को शुक्रवार को यहां केएसएलटीए कोर्ट में सात फरवरी से शुरू हो रहे बेंगलुरू ओपन 1 एटीपी चैलेंजर के मुख्य ड्रॉ के लिए अंतिम दो वाइल्डकार्ड सौंपे गए हैं।

कुछ महीने पहले उन्हीं कोर्ट में कर्नाटक ओपन जीतने वाले ऋषि एक प्रतिष्ठित स्थान हासिल करने के लिए रोमांचित थे। उन्होंने कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं। मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि आयोजकों ने मुझे अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया है और मैं उन्हें दिल से धन्यवाद देता हूं। मैं अपने खेल पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं।

23 वर्षीय ऋषि ने कहा, मैं इस मंच पर अच्छे प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हूं। मैंने टीवी पर कई खिलाड़ियों को देखा है, लेकिन कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना एक अलग अनुभव होगा। ऋषि ने कहा, जिनकी आखिरी अंतरराष्ट्रीय आउटिंग दिसंबर में आईटीएफ एम 15 दोहा थी। मैसूर के रहने वाले और रोहन बोपन्ना एकेडमी में ट्रेनिंग करने वाले प्रज्वल भी वाइल्डकार्ड मिलने से काफी खुश हैं। प्रज्वल ने कहा, इस तरह के टूर्नामेंट में खेलने का यह एक शानदार मौका है। मुझे स्लॉट देने के लिए मैं केएसएलटीए का बहुत आभारी हूं और मुझे अपनी क्षमताओं पर खड़ा उतरने की उम्मीद है। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, मैं अपने टेनिस और फिटनेस पर काम कर रहा हूं। प्रतियोगिता वास्तव में कठिन होगी। मुझे कदम बढ़ाना होगा और अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेलना होगा। टूर्नामेंट के निदेशक सुनील यजमान ने कहा, ऋषि और प्रज्वल दोनों कर्नाटक रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं और हम उनकी उपलब्धियों को बेंगलुरू ओपन में खेलने के अवसर देने पर खुश हैं। उम्मीद है कि वे इस अवसर का पूरा फायदा उठाएंगे। इस बीच, 6 फरवरी से शुरू होने वाले क्वालीफायर के लिए निकी पूनाचा, करण सिंह, आदिल कल्याणपुर और अर्जुन काधे को भी वाइल्डकार्ड सौंप दिया गया है। क्वालीफाइंग ड्रॉ में 24 खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें छह मुख्य दौर में जगह बनाएंगे।

# आईएस को खड़ा करने में जुटा था अबू इब्राहिम, हजारों लड़ाकों को किया तैयार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना के ऑपरेशन में मारा गया आईएस सरगना अबू इब्राहिम आतंकी संगठन को खड़ा करने में जुटा था। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के अनुसार आईएस के 14 से 18 हजार लड़ाके घूम रहे हैं, जिनमें तीन हजार विदेशी हैं।

इराक और सीरिया में हजारों स्थानीय आतंकी ऐसे हैं जो जनता के बीच परिवार के साथ सामान्य लोगों को व्यतीत कर रहे हैं। उन्हें इस्लामिक स्टेट आतंकी संगठन के संगठित होने का इंतजार है, जिसके बाद ये उसमें शामिल हो जाएंगे। सूत्रों के अनुसार जनवरी में इराक में बगदाद की सैन्य छावनी और सीरिया में जेल पर हुआ हमला अमेरिका के लिए खतरे की घंटी थी। इराक में आईएस फिर से अपना असर बढ़ा रहा था। पिछले तीन महीनों में इराक में हुए आईएस



के 182 हमले इस बात की गवाही देते हैं। यह स्थिति तब है जब इराक में अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी है। इसी के बाद अबू इब्राहिम को मारने की योजना में विलंब नहीं करने का फैसला हुआ। माना गया कि यूक्रेन विवाद बढ़ने और अमेरिका के उसमें व्यस्त होने से पहले ही अबू इब्राहिम पर कार्रवाई पूरी कर ली जाए। अमेरिका के विशेष बल की गुरुवार को आत्मेह में हुई कार्रवाई के दौरान कमांडो को लेकर आए एक हेलीकाप्टर में तकनीक खराबी आ गई थी। यह हेलीकाप्टर मौके से उड़ने लायक नहीं रह गया था। इसके बाद तत्काल फैसला लेते हुए इस हेलीकाप्टर को वहीं पर नष्ट कर दिया गया। ऐसा ही वाकया पाकिस्तान के एबटाबाद में अल कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन को मारे जाने के समय हुआ था।

# गलवान संघर्ष के सैनिक को मशाल थमाने की हो रही निंदा, भारत के समर्थन में आए शीर्ष अमेरिकी सांसद

**वाशिंगटन।** बीजिंग 2022 शीतकालीन ओलंपिक की मशाल गलवान संघर्ष में शामिल रहे चीनी सेना के रेजिमेंटल कमांडर को थमाने की चारो तरफ निंदा हो रही है। अमेरिका में विदेश नीति संभालने वाले दो सबसे वरिष्ठ सीनेटरों ने पार्टी लाइन से हटकर चीन की कड़ी निंदा की है।

गलवान संघर्ष के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के रेजिमेंटल कमांडर को बुधवार को बीजिंग 2022 शीतकालीन ओलंपिक मशाल रिले में मशाल थमाने निंदा हो रही है। इसके अलावा, अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने पड़ोसियों को डराने के लिए चीन के प्रयासों पर अपनी चिंताओं को दोहराया और कहा है कि वह हिंद-प्रशांत में अपने



दोस्तों, भागीदारों और सहयोगियों के साथ खड़ा है। सीनेट विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष और वाशिंगटन डीसी में अमेरिका की विदेश नीति पर सबसे शक्तिशाली आवाजों में से एक बॉब मेनेंडेज ने ट्वीट किया कि मैं बीजिंग ओलंपिक के राजनयिक बहिष्कार में शामिल होने के लिए भारत की सराहना करता हूं। हम उन सभी देशों के साथ खड़े हैं, जो सीसीपी (चीनी कम्युनिस्ट पार्टी) के जघन्य मानवाधिकारों के हनन और ओलंपिक 2022 को घटिया राजनीतिक जीत में बदलने के झूठे प्रयास को खारिज करते हैं।

ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ, अमेरिका ने शिनजियांग में चीन के मानवाधिकारों के हनन के विरोध में ओलंपिक का कूटनीतिक रूप से बहिष्कार किया है।

# उइगर मुसलमानों के मसले पर पाकिस्तान से चीन ने मांगा सहयोग

**बीजिंग।** बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक उद्घाटन के अवसर पर चीन ने उइगर मुसलमानों को लेकर हो रही अंतरराष्ट्रीय चचाओं से निपटने के लिए पाकिस्तान से मदद मांगी है। इस बीच बीजिंग में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग देखे गए हैं। इस दौरान चीन और रूस ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) को मजबूत बनाए जाने पर जोर दिया। इस संगठन में भारत और पाकिस्तान भी हैं। शिनजियांग प्रांत की बहुसंख्यक उइगर आबादी के उत्पीड़न का मसला वर्षों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छाया हुआ है। विदित हो कि इमरान के बीजिंग जाने का बड़ा मकसद चीन से तीन अरब डॉलर (करीब 22 हजार करोड़ भारतीय रुपये) की वित्तीय मदद लेना है।



पाकिस्तान पहले से ही चीन के कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है। जापान की राजधानी टोक्यो स्थित चीन के दूतावास के समक्ष शुक्रवार को तिब्बत, उइगर, दक्षिण मंगोलियाई और हांगकांग के लोगों के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। सौ से ज्यादा लोगों ने चीन विरोधी नारेबाजी करते हुए वहां मानवाधिकारों के उल्लंघन के प्रति नाराजगी जाहिर की।

यह प्रदर्शन विंटर ओलिंपिक के उद्घाटन वाले दिन किया गया। अमेरिका और चीन के बीच कटुता चरम पर है, तब कई देशों ने चीन के साथ खड़े होने में हिचक नहीं दिखाई है। विंटर ओलिंपिक आयोजन में मिस्त्र के राष्ट्रपति आब्देल फतह अल-सीसी, सर्बिया के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर वूसिस, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मुहम्मद बिन सलमान, किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सादिर झापरोव के अतिरिक्त उज्बेकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान के नेताओं ने भी शिरकत की। अजेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फनार्डीज और इक्वेडोर के राष्ट्रपति गुलेरमो लासो भी बीजिंग आए हुए हैं। इनके अतिरिक्त संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतेरस और विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेश टेड्रोस अधानम ग्रेब्रेसियस ने भी उद्घाटन समारोह में शिरकत की।

# एर्दोगन: इजरायल के राष्ट्रपति मार्च में तुर्की की यात्रा करेंगे

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने घोषणा की है कि उनके इजरायली समकक्ष इसाक हजरेग मार्च के मध्य में अंकारा का दौरा करेंगे, क्योंकि दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों को बहाल करना चाहते हैं। एर्दोगन ने संवाददाताओं से कहा, इस यात्रा के साथ, हम अपने द्विपक्षीय संबंधों को भविष्य के लिए एक सकारात्मक दिशा में देख रहे हैं। इस तथ्य पर कि इजरायल ने अपने विशेष प्रतिनिधियों को तुर्की भेजा था। एर्दोगन ने कहा कि तुर्की के विशेष राजदूत भी हजरेग की यात्रा से पहले इजरायल की यात्रा करेंगे। इजरायल के साथ तुर्की के संबंध २०१० के बाद से खराब हो गए हैं, जब तुर्की के नेतृत्व वाला एक फ्लोटिला गाजा पट्टी पर इजरायल की नाकाबंदी को तोड़ने की कोशिश कर रहा था। तब इजरायली सेना से भिड़ गया, जिसमें १० तुर्क मारे गए। साल २०१० से पहले, तुर्की और इजरायल लंबे समय से घनिष्ठ संबंधों में थे, जिसमें सैन्य और खुफिया सहयोग शामिल थे। सुलह के प्रयासों से दोनों देशों के बीच संबंधों की पूर्ण बहाली नहीं हुई क्योंकि एर्दोगन फिलिस्तीनी कारण के मुखर समर्थक हैं।



साल २०१८ में एक और हालिया विवाद में जब अमेरिका ने अपने दूतावास को यरूशलेम में स्थानांतरित कर दिया, तब तुर्की ने अंकारा से इजरायल के राजदूत को निष्कासित कर दिया।

हाल के महीनों में दोनों देश एक संबंध पर काम कर रहे हैं, जिसमें एर्दोगन ने हजरेग के साथ फोन पर बातचीत की है।

जबकि १६ जनवरी को, तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा कि अंकारा तुर्की के माध्यम से यूरोप में इजरायल की प्राकृतिक गैस के परिवहन पर इजरायल के साथ बातचीत फिर से शुरू करने में रुचि रखता है।

उनकी टिप्पणी अमेरिका द्वारा ईस्टमेड पाइपलाइन के लिए समर्थन छोड़ने के बाद आई है, जो एक प्रतिद्वंद्वी परियोजना है जिसमें इजरायल, साइप्रस और तुर्की के पड़ोसी और प्रतिद्वंद्वी ग्रीस शामिल हैं।

साल २०१६ में, तुर्की और इजरायल ने सुलह प्रयासों के हिस्से के रूप में तुर्की के माध्यम से इजरायली गैस के परिवहन के लिए कई वाताएं आयोजित कीं, लेकिन चर्चा बेकार साबित हुई।

## संयुक्त अरब अमीरात पर यमन विद्रोहियों का हमला भारतीय परिवारों के लिए बना त्रासदी

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में पिछले महीने यमन के हौती विद्रोहियों की ओर से किए गए हमलों के कारण भारतीय भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। भारतीय मूल के ट्रक चालक रामजन रथ ने उस हादसे को याद करते हुए कहा पहले तो विस्फोट की आवाज सुनाई दी और कुछ पलों के लिए सब कुछ बिखर गया। इसके बाद उन्होंने देखा कि उनके पैरों में भी आग लगी हुई है। रामजन ईंधन से भरा ट्रक चलाते हैं। उन्होंने ड्रोन हमले वाले दिन को याद करते हुए कहा कि उनके सामने ही उनका ट्रक पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। रामजन ने मुसाफाह में भारतीय कैंटीन के पास एसोसिएटेड प्रेस से बातचीत के दौरान यह बात कही। यह हमला औद्योगिक शहर अबू धाबी में एक सरकारी तंय संयंत्र के पास हुआ था। रामजन को पैर में चोट आई थी और उनका कहना है कि वह अभी भी उस हादसे को याद कर सहम जाते हैं। इस हमले में रामजन घायल हो गए थे जबकि हरदीप सिंह (29) नामक एक अन्य ट्रक चालक की मौत हो गयी। हरदीप की हाल ही में कुछ महीने पहले शादी हुई थी।

## पुतिन ने चीन के साथ रूसी संबंधों को सराहा, दोनों देश संबंधों को और करेंगे मजबूत

**मास्को/बीजिंग।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बीजिंग में शीतकालीन ओलंपिक खेलों के उद्घाटन से पहले चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के साथ शुक्रवार को बैठक की। चीन की राजधानी बीजिंग में मुलाकात के बाद पुतिन ने चीन के साथ रूसी संबंधों की सराहना करते हुए कहा कि दोनों देश पश्चिम की बढ़ती आलोचना के बीच संबंधों को गहरा करने की कोशिश कर रहे हैं। पुतिन ने बैठक की शुरूआत में कहा कि बीजिंग के साथ मास्को के संबंध दोस्ती और रणनीतिक साझेदारी के रास्ते पर लगातार विकसित हो रहे हैं। उन्होंने दोनों देशों में समान अभूतपूर्व प्रकृति बताते हुए इसे सम्मानजनक रिश्ते का उदाहरण बताया। पुतिन ने बैठक से पहले कहा कि मास्को ने रूस के सुदूर पूर्व से चीन को १० अरब क्यूबिक मीटर प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए एक नया अनुबंध किया है। रूसी अधिकारियों को डोपिंग कांड पर अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। वे मेजबान देश के राज्य के प्रमुख द्वारा आमंत्रित किए जाने पर भाग ले सकते हैं। बीजिंग और मॉस्को ने कई देशों द्वारा शीतकालीन ओलंपिक के राजनयिक बहिष्कार की निंदा की है।

## बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक का विरोध करने से पहले हांगकांग का कार्यकर्ता गिरफ्तार

**हांगकांग।** हांगकांग के एक वरिष्ठ कार्यकर्ता को शुक्रवार को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया, जब उसने शहर में सरकारी कार्यालयों के बाहर बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक का विरोध करने की योजना की घोषणा की। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। स्थानीय समाचार पत्र साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्यकर्ता कू स्जे-यीउ को उनके घर पर सुबह-सुबह गिरफ्तार कर लिया गया था। इस सप्ताह की शुरूआत में कू स्जे-यीउ ने मीडिया को एक विज्ञप्ति भेजी थी जिसमें उन्होंने एक याचिका की घोषणा के लिए मीडिया को आमंत्रित किया था, जिसे उन्होंने शुक्रवार को सुबह १० बजे चीन के संपर्क कार्यालय के सामने पेश करने की योजना बनाई थी। चीन की सरकार का यह कार्यालय हांगकांग में चीन का प्रमुख रूप से समर्थन करता है। कू स्जे-यीउ ने विज्ञप्ति में कहा कि चीन हांगकांग में कारावास के अन्यायपूर्ण मामलों की अनदेखी करते हुए बीजिंग शीतकालीन खेलों का आयोजन कर रहा है। वरिष्ठ कार्यकर्ता ने कहा कि हांगकांग में बड़े पैमाने पर मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है।

## सिंगापुर में कोविड-१९ संबंधी नियमों का उल्लंघन करने के मामले में भारतीय मूल की महिला को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में कोविड-१९ संबंधी प्रतिबंधों एवं नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में भारतीय मूल की एक महिला को १० सप्ताह कारावास की सजा सुनाई गयी है। महिला पर आरोप है कि वह शराब पीने के लिए कई बार अपने घर से बाहर निकली और दोस्तों से भी मिली। लेचिमी (३७) नामक महिला को बृहस्पतिवार को कोविड -१९ (अस्थायी उपाय अधिनियम) के तहत तीन आरोपों में दोषी ठहराया गया। समाचार पत्र द स्ट्रेट्स टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार सजा सुनाते समय लेचिमी पर लगे सात आरोपों पर विचार किया गया। उप लोक अभियोजक (डीपीपी) केनेथ की ने अदालत में कहा कि लेचिमी ने पांच अप्रैल से २१ मई २०२० के बीच छह नियमों का उल्लंघन किया और पुलिस अधिकारियों ने उसे पकड़ा।

## नॉर्थ कोरिया ने प्राकृतिक आपदा तैयारियों पर बैठक बुलाई

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को आंधी और बाढ़ सहित प्राकृतिक आपदाओं के खिलाफ आपातकालीन उपाय तैयार करने के लिए एक राष्ट्रीय प्रतिक्रिया समिति का गठन किया है। प्योंगयांग की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बताया कि पिछले दिन प्रीमियर किम टोक-हुन की अध्यक्षता सत्र में, प्राकृतिक आपदा रोकथाम और प्रतिक्रिया के लिए तदर्थ समिति के सदस्यों ने पिछले साल के संबंधित उपायों की समीक्षा की और विश्लेषण किया कि क्या सुधार किया जा सकता है। योनहाप न्यूज एजेंसी ने केसीएनए की रिपोर्ट के हवाले से कहा कि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन प्रणाली की वैज्ञानिक विशेषताओं और तत्परता को सुनिश्चित करना चाहिए और विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के उपायों को अच्छी तरह से तैयार करना चाहिए।

## लॉकडाउन के बीच पार्टी आयोजन मामले में प्रधानमंत्री जॉनसन के चार शीर्ष सहयोगियों का इस्तीफा

**लंदन।** कोविड-19 संबंधी लॉकडाउन के बीच प्रधानमंत्री कार्यालय में पार्टी के आयोजन पर विवादों में घिरे प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के चार करीबी सहयोगियों ने इस्तीफा दे दिया है। प्रधानमंत्री की नीति प्रमुख मुनीरा मिर्जा, चीफ ऑफ स्टाफ डैन रोजेनफील्ड, प्रमुख निजी सचिव मार्टिन रेनॉल्ड्स और संचार निदेशक जैक डॉयल सभी ने बृहस्पतिवार को कुछ घंटों के भीतर अपने पद छोड़ दिए। इससे पहले जांच में पता चला था कि देश में सख्त कोविड-19 लॉकडाउन नियमों के बीच डाउनिंग स्ट्रीट (प्रधानमंत्री कार्यालय) में कई पार्टियां आयोजित की गई थीं।

बीबीसी की शुक्रवार की एक रिपोर्ट के अनुसार डॉयल ने मिर्जा के इस्तीफे के तुरंत बाद अपने इस्तीफे की भी पुष्टि की। इसके बाद रोजेनफील्ड और रेनॉल्ड्स ने भी इस्तीफा दे दिया। शीर्ष अधिकारियों का यह इस्तीफा ऐसे वक्त में आया है जब जॉनसन (57) पार्टी के भीतर अपने नेतृत्व को लेकर बढ़ते सवालों का सामना कर रहे हैं। डॉयल ने कर्मचारियों से कहा, हाल के सप्ताहों ने मेरे पारिवारिक जीवन पर बहुत बुरा असर डाला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डाउनिंग स्ट्रीट की प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि रोजेनफील्ड ने बृहस्पतिवार को पहले प्रधानमंत्री को अपना इस्तीफा देने की पेशकश की थी, लेकिन जब तक उनका उत्तराधिकारी नहीं मिल जाता तब तक वह पद पर बने रहेंगे। प्रधानमंत्री के प्रमुख निजी सचिव रेनॉल्ड्स भी ऐसा ही करेंगे और बाद में विदेश विभाग में भूमिका निभाएंगे। मिर्जा का इस्तीफा अधिक मायने रखता है। वह जॉनसन की पुरानी सहयोगियों में से एक थीं और एक प्रमुख नेता हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री के मंच को आकार देने में मदद की। हालांकि, मिर्जा ने प्रधानमंत्री के उन झूठे दावों पर इस्तीफा दिया कि विपक्षी दल लेबर पार्टी के नेता सर कीर स्टारमर जिमी सैविले पर मुकदमा चलाने में वह विफल रहे, जब वह सार्वजनिक अभियोजन के निदेशक थे और उन्होंने माफी मांगने से इनकार कर दिया। वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने सार्वजनिक रूप से जॉनसन की मूल टिप्पणी से खुद को अलग करते हुए कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैंने ऐसा नहीं कहा। यह पूछे जाने पर कि क्या जॉनसन को माफी मांगनी चाहिए, भारतीय मूल के नेता ने कहा, यह प्रधानमंत्री को तय करना है। सुनक ने पहले लॉकडाउन के बीच डाउनिंग स्ट्रीट में पार्टियों के आयोजन के खुलासे के दौरान सीधे तौर पर जॉनसन की आलोचना नहीं की थी, लेकिन स्वीकार किया था कि गलतियां हुई हैं। जॉनसन के पूर्व सलाहकार डोमिनिक कमिंग्स ने दावा किया कि मिर्जा का जाना एक स्पष्ट संकेत है कि बंकर गिर रहा है और प्रधानमंत्री का समय पूरा हो गया है। उन्होंने मंत्रियों से इसी तरह का नैतिक साहस दिखाने और इस्तीफा देने का आग्रह किया। अगर जॉनसन ऐसे ही समर्थन खोते रहे तो कुछ ही दिनों में संभव है उनका प्रधानमंत्री का कार्यकाल खत्म हो जाएगा। जॉनसन ने ब्रिटेन के चैनल 5 न्यूज के एक पत्रकार से कहा कि उन्हें मिर्जा को खोने का दुख है, जिन्होंने 14 साल तक प्रधानमंत्री के साथ काम किया। जॉनसन ने कहा कि वह मिर्जा के इस दावे से सहमत नहीं हैं कि स्टारमर पर उनकी टिप्पणी अनुचित थी।

## पाकिस्तान सैन्य शिविरों पर हमले में 93 आतंकवादी, ७ सैनिक मारे गए

**इस्लामाबाद,।** बलूचिस्तान प्रांत में अर्धसैनिक बलों के फ्रंटियर कोर के दो शिविरों पर हुए हमलों में १३ आतंकवादी और ७ सैनिक मारे गए। ये जानकारी आर्मी अधिकारी ने दी।सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरुवार को कहा कि सुरक्षा बलों ने बुधवार देर रात बलूचिस्तान के पंजगुर और नोशकी जिलों में हुए दोनों हमलों को खारिज कर दिया, जिसमें शुरू में चार आतंकवादी और एक सैनिक मारे गए। आईएसपीआर ने एक बयान में कहा कि हमलों के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए निकासी अभियान चलाया। आईएसपीआर के बयान में कहा गया, नोशकी में सुरक्षा बलों ने पांच और आतंकवादियों का सामना किया और उन्हें मार गिराया। एक अधिकारी सहित चार सैनिक भी मारे गए।चार और आतंकवादी मारे गए हैं और कम से कम पांच को सुरक्षा बलों ने पंजगुर जिले में घेर लिया है क्योंकि सुरक्षा बलों का अभियान अभी जारी है।

बयान में कहा गया कि लड़ाई के दौरान, प्रारंभिक बयान में घोषित एक सहित तीन सैनिक मारे गए, जबकि चार अन्य घायल हो गए। इससे पहले बुधवार को, प्रतिबंधित संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी ने सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित एक बयान में हमलों का दावा किया।

# तालिबान के कब्जे के करीब छह महीने बाद भी अफगानिस्तान की स्थिति अनिश्चित: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने एक रिपोर्ट में कहा है कि तालिबान के कब्जे के करीब छह महीने बाद भी अफगानिस्तान में स्थिति अस्थिर और अनिश्चित बनी हुई है, क्योंकि युद्ध से तबाह देश राजनीतिक, सामाजिक-आर्थिक और मानवीय झटके से उबरा नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने बृहस्पतिवार को च्अफगानिस्तान की स्थिति और अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए इसके निहितार्थज पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि स्थिरता और भविष्य में अंतरराष्ट्रीय समर्थन को बढ़ावा देने का च्सर्वश्रेष्ठ तरीकाज यह होगा कि अपने पूर्व के कृत्यों को ना दोहराते हुए तालिबान अलग-थलग पड़ने से बचे। गुतारेस ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के लगभग छह महीने बाद भी अफगानिस्तान में स्थिति अस्थिर और अनिश्चित बनी हुई है, क्योंकि कई राजनीतिक, सामाजिक-आर्थिक और मानवीय झटकों से देश अब तक उबर नहीं पाया है।रिपोर्ट में कहा गया है, च्तालिबान खुद को कार्यवाहक सरकार के रूप में पेश करने का प्रयास कर रहा है। हालांकि, अभी तक शासन ढांचे का गठन नहीं किया गया है, जो कि देश की जातीय, राजनीतिक और भौगोलिक विविधता को दर्शाए और जिसमें महिलाएं शामिल हों। संसाधनों और क्षमता की कमी के साथ-साथ विचारधारा भी अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप शासन व्यवस्था की दिशा में आड़े आ रही है। अमेरिकी सैनिकों की ३१ अगस्त को पूर्ण वापसी के दो सप्ताह पहले ही तालिबान ने १५ अगस्त को अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था।

गुतारेस ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के च्सार्थक, लचीले और रचनात्मक जुड़ावज के बिना, अफगानिस्तान में मानवीय और आर्थिक स्थिति खराब ही रहेगी। संयुक्त राष्ट्र ने पिछले साल अगस्त और दिसंबर के बीच इराक में इस्लामिक स्टेट और अफगानिस्तान के १६ प्रांतों में इस्लामिक स्टेट लेवेंट-खुरासन (आईएसआईएल-के) द्वारा १५० से अधिक हमले दर्ज किए हैं, जो कि २०२० में इसी अवधि में किए गए हमलों से लगभग आठ गुना अधिक है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506